बुधवार, 22 अप्रैल 2026

**मौसम**

तापमान 27 – 38
आर्द्रता 80%
सूर्योदयः 05:11 सूर्यास्तः 17:58

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



देश को 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए: नितिन गडकरी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, पांच पर

सुविचार : दिखाने से अच्छा है दर्द, गुस्सा, प्यार और रिश्ता छुपा कर रखें।

# बंगाल विधानसभा चुनाव : पहले चरण के लिए प्रचार का शोर थमा, कल मतदान



सुरक्षा कड़ी होने के बीच पुलिसकर्मी वाहनों की जांच करते हुए

### 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता 152 सीटों पर करेंगे मतदान, केंद्रीय बलों की 2,450 कंपनियों की तैनाती

### 8,000 से अधिक मतदान केंद्र 'अत्यधिक संवेदनशील' चिह्नित

### शाह–ममता समेत कई नेताओं की ताबड़तोड़ रैली और जनसभाएं

### खान–पान की आदतों, घुसपैठ, समान नागरिक संहिता और एसआईआर जैसे मुद्दे छाए रहे

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया, जिसमें खान–पान की आदतों, सीमा पार से घुसपैठ, समान नागरिक संहिता और संशोधित मतदाता सूची जैसे मुद्दे छाए रहे। दो बड़े प्रतिद्वंद्वियों भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने 23 अप्रैल को उत्तर बंगाल के 152 निर्वाचन क्षेत्रों और राज्य के दक्षिणी हिस्से के कई जिलों में मतदान से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए कई वादे किए। निर्वाचन आयोग के अनुसार, इस चरण में 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान कर सकेंगे। इन मतदाताओं में लगभग 1.84 करोड़ पुरुष, 1.75 करोड़ महिला और 465 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में राजनीतिक हिंसा, अराजकता और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार देखने को मिला है। निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की रिकॉर्ड 2,450 कंपनियों को तैनात किया है, जिनमें लगभग 2.5 लाख कर्मी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और पहले चरण के लिए 8,000 से अधिक मतदान केंद्रों को 'अत्यधिक संवेदनशील' के रूप में चिह्नित किया है। आयोग ने मालदह, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर, कूचबिहार, बीरभूम और बर्दवान जैसे कुछ जिलों को 'विशेष रूप से संवेदनशील' के तौर पर चिह्नित किया है और इन क्षेत्रों के सभी निर्वाचन क्षेत्रों को कड़ी निगरानी में रखा है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है, जिन्हें निगरानी टीम और 2,193 त्वरित प्रतिक्रिया टीम का सहयोग प्राप्त है, ताकि किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी (भाजपा, नंदीग्राम), पूर्व केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक (भाजपा, माथाभांगा), राज्य के मंत्री उदयन गुहा (तृणमूल, दिनहाटा), गौतम देब (तृणमूल, सिलीगुड़ी) और अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस, बहरामपुर) शामिल हैं। पहले चरण में चुनाव लड़ रहे अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में पश्चिम मेदिनीपुर जिले की खड़गपुर सदर सीट से तृणमूल के प्रदीप सरकार के खिलाफ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष शामिल हैं।

## दूसरे चरण में केंद्रीय बलों के साथ 38 हजार से अधिक पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात

### कमांड और कंट्रोल की जिम्मेदारी नोडल अफसरों की

प्रथम चरण के साथ ही दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए भी चुनाव आयोग और प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 29 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के ऐसे अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं देखे गए। चुनाव आयोग और लालबाजार (कोलकाता पुलिस मुख्यालय) के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रीय बलों की **ढाई हजार कंपनियों** के साथ राज्य पुलिस के 38,297 जवानों भी मौजूद रहेंगे। दूसरे चरण के चुनाव में कोलकाता और उसके आसपास के जिले बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील हैं। यही कारण है कि अकेले कोलकाता में केंद्रीय बलों के अलावे 7,241 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा, बारासात, बैरकपुर, डायमंड हार्बर और हावड़ा जैसे इलाकों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि संवेदनशील बूथों पर परिंदा भी पर न मार सके। सुरक्षा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कोताही न हो, इसके लिए प्रत्येक जिले में एक 'नोडल अधिकारी' की नियुक्ति अनिवार्य कर दी गई है। ये अधिकारी सीधे पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट करेंगे। निर्देशों के अनुसार, प्रथम चरण के मतदान के बाद ही सुरक्षा बलों की तैनाती 24 से शुरू होकर 26 अप्रैल तक हर हाल में पूरी कर लेनी होगी। चुनाव आयोग का यह 'शक्ति प्रदर्शन' उन शरारती तत्वों के लिए एक सीधी चेतावनी है जो मतदान के दौरान बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

## मतदान से दो दिन पहले बाइक चलाने पर सख्त पाबंदियां

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने मतदान से दो दिन पहले से बाइक चलाने को लेकर कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। आयोग ने मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा कि मतदान से पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बाइक चलाने पर रोक रहेगी। मतदान के दिन भी बाइक उपयोग के लिए कई नियमों का पालन करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आपात स्थिति, जैसे चिकित्सा कार्य, पारिवारिक आवश्यकताएं या बच्चों को विद्यालय ले जाने और वापस लाने के मामलों में यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में जाने वाले लोगों को भी छूट दी गई है। इसके अलावा, ऐप आधारित यात्रा सेवाओं पर भी यह नियम लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति विशेष परिस्थिति में प्रतिबंध से छूट चाहता है, तो उसे स्थानीय थाने से लिखित अनुमति लेनी होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को निर्देश दिया गया है कि इन प्रतिबंधों का व्यापक प्रचार समाचार पत्रों, दूरदर्शन चैनलों और समाज माध्यमों पर किया जाए। आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों का सख्ती से पालन कराने को कहा है।

## ट्रंप ने समझौता न होने पर ईरान पर बमबारी की दी चेतावनी, युद्धविराम बढ़ाने से इनकार

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे। सीएनबीसी के ''स्क्वॉक बॉक्स'' कार्यक्रम में यह पूछे जाने पर कि क्या वह ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाएंगे ताकि शांति वार्ता के माध्यम से युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता हो सके, ट्रंप ने कहा, ''मैं ऐसा नहीं करना चाहता।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें बातचीत करनी है। और, आप जानते हैं कि एक चीज कहना चाहूंगा...ईरान अपनी स्थिति को काफी मजबूत कर सकता है। अगर वे समझौता कर लेते हैं, तो वे फिर से एक मजबूत राष्ट्र, एक शानदार राष्ट्र बन सकते हैं।'' ट्रंप ने कहा कि अगर बुधवार को बिना किसी समझौते के युद्धविराम समाप्त हो जाता है, तो वह ईरान पर फिर से हमला शुरू करने के लिए तैयार हैं।

# भाजपा ने बंगाल को टारगेट किया है, हम दिल्ली को टारगेट करेंगे : ममता

### मुख्यमंत्री ने सत्यनारायण पार्क में जोड़ासाको विधानसभा के उम्मीदवार विजय उपाध्याय के समर्थन में किया प्रचार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को जोड़ासाको विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सत्यनारायण पार्क में विजय उपाध्याय के समर्थन में एक जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बड़ाबाजार मेरे लिए पुरानी जगह है। कोई भी समस्या हो, कार्यक्रम हो मैं बड़ाबाजार पहले आती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने जो जो काम कहा मैंने वह सब किया। ट्रेडर्स कमेटी बनाई, समस्याएं सुलझाई। उन्होंने कहा कि कोलकाता क्या था और अब क्या बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समस्या है पुराने मकानों की जिसे वहां के लोग एक होकर ठीक करने की कोशिश करें जिससे दुर्घटना ना हो। प्लास्टिक का



काम प्रयोग करें जिससे अग्निकांड जैसी समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पुराना मकान नया बनाना चाहते हैं तो केएमसी आपके साथ में है। मुख्यमंत्री ने मंच से नोटबंदी जीएसटी का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने पीएम और गृह मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके लोग मुझे मीटिंग करने से रोक रहे हैं। यह लोग बेईमान है, बदमाश है, शैतान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये झूठे वादे करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्होंने देश को बेच दिया है, नौकरी नहीं दी, 15 लाख नहीं दिए। यहां टीएमसी को भ्रष्टाचारी कहते हैं जबकि भाजपा के हर राज्य में भ्रष्टाचार होता है। महिलाओं पर अत्याचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा सारे देश की बीएसएफ, सीआरपीएफ को यहां ले आए। बाहर से वोटर को ट्रेन में भरकर ला रहे हैं ताकि बिहार, हरियाणा महाराष्ट्र की तरह बंगाल लूट लें। एविएशन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव बाद आप यही रहेंगे तब हम आपको मिठाई भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मुझसे नहीं लड़ सकते और आप बंगाल जीतना चाहते हैं। हम भाजपा को हराएंगे। उन्होंने बंगाल को टारगेट किया हम दिल्ली को टारगेट करेंगे। उन्होंने कहा जो हमसे टकराएगा चूर–चूर हो जाएगा।

# मतदाताओं को कोई धमका नहीं सकता, सीएपीएफ बंगाल के हर कोने में तैनात : अमित शाह

**पूर्व मेदिनीपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में रहने वाले गुंडों को छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने मतदाताओं से निडर होकर मतदान करने का आग्रह किया और कहा कि केंद्रीय बल ऐसे उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखेंगे। शाह ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के चंडीपुर में अपनी अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को 'टा टा, गुडबाय' कहा। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की बागडोर संभालने का उनका (ममता का) समय समाप्त हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा सत्ता में आ



आएगी। शाह ने लोगों से निडर होकर मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी हमारे मतदाताओं को धमका नहीं सकता। आयोग ने पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों को तैनात किया है, जो राज्य के हर कोने में फैले हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि ममता बनर्जी की अपने भतीजे अभिषेक को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर देखने की आकांक्षा कभी पूरी नहीं होगी। शाह ने कहा कि भाइपो (भतीजा अभिषेक बनर्जी) बंगाल का भावी मुख्यमंत्री नहीं होगा। उन्होंने चार मई के बाद राज्य छोड़ने के लिए अपना टिकट पहले ही खरीद लिया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने वाले तृणमूल के गुंडों को छिपने की जगह ढूंढने की चेतावनी दी। शाह ने कहा कि चार मई को जब नतीजे घोषित होंगे, तो उनके पास भागने की कोई जगह नहीं बचेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने वादा किया कि बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा चंडीपुर में पान के औषधीय गुणों का अध्ययन करने के लिए एक अनुसंधान केंद्र स्थापित करेगी। शाह ने यह भी वादा किया कि घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर बांग्लादेश के साथ बंगाल की सीमा को सील कर दिया जाएगा।



## तनावग्रस्त युवा प्रतिभाओं को खोना राष्ट्रीय क्षति

कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो महीनों के दौरान चार छात्रों द्वारा आत्महत्या करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह संस्थान ही नहीं, शैक्षिक जगत और उनके परिवारों की भी अपूरणीय क्षति है। घटनाएं तकनीकी संस्थानों में तनाव प्रबंधन और मानसिक उपचार की खामियों को भी उजागर करती हैं। कोई व्यक्ति आत्मघाती कदम तब ही उठाता है जब उसे उम्मीद के सारे दरवाजे बंद नजर आते हैं। इस घातक कदम को उठाने से पहले वो तनाव के चरम से जूझते हुए किस मानसिक कष्ट से गुजरता होगा, अंदाज लगाना कठिन नहीं है। उसकी मन:स्थिति इतनी हताशा से भरी होती है कि आत्महत्या जैसा पीड़ादायक-घातक रास्ता उसे समाधान नजर आता है। विडंबना है कि हम संभावनाओं के इस दुखद अंत को मूकदर्शक बने देखते हैं। हम आत्महत्या के आंकड़ों व संख्या का जिक्र ही करते हैं, लेकिन उसे पाल-पोसकर बड़ा करने वाले मां-बाप पर हुए वज्रपात का अहसास नहीं करते। उच्च तकनीकी संस्थान की दहलीज तक पहुंचने में बच्चे कितना शरीर को गलाते हैं। उन्हें पालने-पोसने व बड़ा करने में मां-बाप अपना खून पसीना एक कर देते हैं। हर बच्चा चांदी का चम्मच लेकर पैदा नहीं होता। उसके इस मुकाम तक पहुंचने में माता-पिता का त्याग शामिल होता है। कई अभिभावक बैंकों से कर्ज लेकर इन तकनीकी संस्थानों में बच्चों का एडमिशन कराते हैं। कई पैरेंट्स इस लायक बनाने के लिये पैसा कोचिंग संस्थानों में बहाते हैं। फिर एक दिन खबर आती है कि उनकी उम्मीदों ने आत्मघात कर लिया। हमें उनके दर्द को अपने दर्द की तरह महसूस करना चाहिए। इन घटनाओं के बाद एनआईटी ने एक पांच सदस्यीय जांच समिति बनायी है। लेकिन क्या समिति उन बच्चों का जीवन लौटा पाएगी? दूसरी ओर राज्यसभा सांसद ज़ॉन ब्रिटास ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से प्रकरण में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। वहीं एनआईटी ने छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिये कुछ अलग समितियां भी बनायी हैं।

देश के विभिन्न उच्च तकनीकी संस्थानों में छात्रों के आत्मघात की खबरें अकसर आती हैं। कुछ साल पहले शिक्षा मंत्रालय ने संसद को बताया था कि साल 2018-2023 के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों के 98 छात्रों ने आत्महत्या की थी। इनमें सबसे ज्यादा सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी में हुई थी। उसके बाद आत्मघात करने वाले छात्र एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के थे। जाहिर है इन संस्थानों में कुछ तो ऐसा घट रहा है, जिससे हमारी संवेदनशील प्रतिभाएं साम्य नहीं बैठा पा रही हैं। विडंबना यह है कि देश के हर संस्थान व शासन-प्रशासन के स्तर पर आग लगने पर कुआं खोदने की मनोवृत्ति बनी हुई है। इन संस्थानों में पूरे देश की चुनिंदा प्रतिभाएं ही पहुंचती हैं। जो एक गलाकाट स्पर्धा के दौर से गुजरकर यहां तक आती हैं। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था का ढांचा ऐसा है जो बच्चों को किताबी कीड़ा तो बनाता है, लेकिन चुनौतियों से जूझने लायक नहीं बनाता। अब वे शिक्षक भी नहीं रहे जो छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर पढ़ाएं। बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है जिनकी प्राथमिकता अपने विषय और वेतन-भत्तों व सुविधाओं तक ही सीमित रह गई है। परवरिश के स्तर पर भी नहीं सिखाया जाता कि जीवन में बुरे से बुरा घटने पर बिना विचलित हुए कैसे उस चुनौती का सामना किया जाए। परिवार की उम्मीदों का बोझ ढोते, ये प्रतिभावान बच्चे जब असफलता के भय से ग्रस्त होते हैं तो आत्महत्या को अंतिम विकल्प के रूप में सोचने लगते हैं। ऐसी घटनाएं होने पर शिक्षण संस्थानों द्वारा फौरी तौर पर जो कदम उठाये जाते हैं, वे कारगर साबित नहीं होते। किसी आत्महत्या का मामला प्रकाश में आने के बाद हाय-तौबा होती है, तब घोषणाएं होती हैं। फिर वही ढाक के तीन पात। तनाव से गुजरते छात्रों पर पैनी नजर रखने की जरूरत होती है। ये बच्चे बेहद संवेदनशील व ईमानदार होते हैं, जो अपने को साबित न कर पाने पर आत्मघात की राह चुन लेते हैं। समय रहते उनकी पहचान करके संस्थान प्रबंधन व अभिभावकों को उनकी मनोवैज्ञानिक सहायता करनी चाहिए। इन प्रतिभाओं को तनाव के दानव का ग्रास बनने से रोके जाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 अप्रैल, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष षष्ठी, 22:53 तक, नक्षत्र : आद्रा, 22:15 तक, योग : अतिगंदा, 09:08 तक, सूर्योदय: 05:12, सूर्यास्त: 17:58, चन्द्रोदय : 09:15, चन्द्रास्त: 23:27, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 11:35 से 13:10

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन करियर और रोजगार के लिहाज से आपके लिए शानदार अवसर लेकर आया है। मामा पक्ष से धन लाभ के संकेत मिल रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। कई स्रोतों से आय होने के योग हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से दिल खुश हो जाएगा।

**मिथुन :** आज बिजनेस में बड़ा फैसला लेने का दिन है। लंबे समय से अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है और नए अवसर आपके सामने आएंगे। संतान की पढ़ाई से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी।

**कर्क :** आज का दिन थोड़ा संतुलन मांगता है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है। लाइफस्टाइल सुधारने के चक्कर में खर्च बढ़ सकते हैं।

**सिंह :** आज आपके लिए धन और सफलता के दरवाजे खुल रहे हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी और इनकम में बढ़ोतरी होगी। रुके हुए सरकारी काम पूरे हो सकते हैं। मेहनत का फल मिलेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए जीत का संदेश लेकर आया है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है और इनकम में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों से बेवजह बहस करने से बचें।

**तुला :** आज का दिन व्यापार में सफलता दिलाने वाला है। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। परिवार में चल रही समस्याएं दूर होंगी।

**वृश्चिक :** आज थोड़ा सतर्क रहने का दिन है। वाहन में खराबी या अचानक खर्च बढ़ सकता है। सेहत को लेकर भी ध्यान देना जरूरी है। जीवनसाथी के साथ प्रेम और समझदारी बनी रहेगी।

**धनु :** आज तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी और नए मित्र बनेंगे, जो भविष्य में मददगार साबित होंगे। नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। काम का दबाव ज्यादा रहेगा और पुराने लेन-देन परेशानी दे सकते हैं। लेकिन माता-पिता के आशीर्वाद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुम्भ :** आज बिजनेस में सफलता के संकेत हैं। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर लाभ देगी। दूसरों के मामलों में बोलने से बचें।

**मीन :** आज का दिन नए सपनों को सच करने का है। नया घर खरीदने के लिए समय अनुकूल है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सहयोग बढ़ेगा। परिवार में चल रही समस्याएं खत्म होंगी।

# मतदान से पहले ट्रांसपोर्ट पर ब्रेक! कोलकाता की सड़कों पर गाड़ियों का संकट

❑ **अब तक 1600 बसों को किया गया जब्त**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 23 अप्रैल (गुरुवार) को होने वाले प्रथम चरण के चुनाव से पहले शहर में सार्वजनिक परिवहन पर असर साफ दिखाई देने लगा है। सड़कों से गाड़ियां गायब हो रही हैं। कोलकाता की सड़कों पर निजी सार्वजनिक वाहनों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम रह गयीं हैं। चुनावी तैयारियों के बीच कोलकाता में बसों की कमी से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने चुनाव कार्यों के लिए सोमवार से ही बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी बसों को सड़कों से हटाकर अपने नियंत्रण में लेना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को ही करीब 50 प्रतिशत बसों को यात्री सेवा से हटा लिया गया। इन बसों का उपयोग केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ) और पुलिस कर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में किया जायेगा। बस यूनियनों के अनुसार, कोलकाता और आसपास के इलाकों में रोजाना लगभग तीन हजार निजी बसें चलती हैं। इनमें से करीब 1600 बसों को चुनावी ड्यूटी के लिए अधिग्रहित (रिक्विजिशन) किया गया है। प्रथम चरण के लिए 50 प्रतिशत बसें पहले ही ले ली गयी हैं, जबकि 25 और 27 अप्रैल को भी कुछ बसों को चुनावी कार्यों में लगाया जायेगा। यूनियन ने मांग की है कि चुनावी जरूरतों के बावजूद कम से कम 40 प्रतिशत बसों का संचालन जारी रखा जाए, ताकि शहर में आवागमन पूरी तरह बाधित न हो। सिटी सबअर्बन बस सर्विस के महासचिव टिटू साहा ने निजी बसों के बड़े पैमाने पर उपयोग को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दो चरणों में होने वाले चुनाव के कारण एक साथ सैकड़ों बसों को ड्यूटी में लगाया जा रहा है। सामान्य दिनों में शहर की बसें 140 से 200 किलोमीटर प्रतिदिन चलती हैं, लेकिन चुनावी ड्यूटी में इन्हें 500 से 600 किलोमीटर तक चलाना पड़ सकता है, जिससे बसों की स्थिति पर असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को पहले ही पत्र भेजा जा चुका है।

## मतदान से 48 घंटे पहले निर्वाचन आयोग ने नंदीग्राम के पुलिस पर्यवेक्षक को बदला

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र में मतदान से महज दो दिन पहले, मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने पुलिस पर्यवेक्षक को बदल दिया। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नंदीग्राम के पुलिस पर्यवेक्षक हितेश चौधरी को हटाकर उनकी जगह अखिलेश सिंह को नियुक्त किया गया है। यह कार्रवाई तृणमूल कांग्रेस द्वारा नंदीग्राम पुलिस थाने के प्रभारी-अधिकारी के खिलाफ पक्षपात के आरोप लगाने के एक दिन बाद की गई। सोमवार को पुलिस पर्यवेक्षक को लिखे पत्र में तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा सदस्यों के खिलाफ पार्टी (तृणमूल) कार्यकर्ताओं द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आयोग के अधिकारी ने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने पुलिस पर्यवेक्षक से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने के तुरंत बाद पर्यवेक्षक को बदलने का आदेश जारी किया गया।

## निष्पक्ष मतदान के लिए लोक भवन ने शुरू की नागरिक हेल्पलाइन

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से लोक भवन, पश्चिम बंगाल ने 24÷7 नागरिक हेल्पलाइन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। लोक भवन ने कहा कि राज्य में पूर्व चुनावों के दौरान व्यापक हिंसा के इतिहास को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था की है। इसी क्रम में, नागरिकों की सहायता और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए यह विशेष हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। विज्ञप्ति के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भय या दबाव के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर देना है। हेल्पलाइन शिकायत दर्ज करने, त्वरित सहायता उपलब्ध कराने और संबंधित संस्थागत मार्गदर्शन देने का कार्य करेगी। लोक भवन ने भरोसा दिलाया है कि प्राप्त सभी शिकायतों और आवेदनों पर संवेदनशीलता तथा पूर्ण गोपनीयता के साथ विचार किया जाएगा। सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा गया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। नागरिक 24÷7 हेल्पलाइन नंबर 033-2200-1022, 033-2200-1023, 033-2200-1025, 033-2200-1026, 033-2200-1027, 033-2200-1028, 033-2200-1029 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, lokbhavanbengal-helplinegmail.com पर भी शिकायत या सूचना भेजी जा सकती है।

## मतदान से पहले बंगाल में लौटे प्रवासी मजदूर, क्या बदलेंगे चुनावी समीकरण?



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान से पहले राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्रवासी मजदूरों और मतदाताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बाहर काम करने वाले बड़ी संख्या में लोग अपने गृह राज्य लौट रहे हैं, जिससे स्टेशनों पर असाधारण भीड़ का माहौल बना हुआ है। अनौपचारिक आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के करीब 40 लाख प्रवासी मजदूर देश के विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं, जबकि आधिकारिक तौर पर यह संख्या लगभग 21 लाख बताई जाती है। आमतौर पर देखा जाता है कि इन प्रवासी मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा चुनाव में मतदान के लिए वापस नहीं आ पाता, लेकिन इस बार स्थिति कुछ अलग नजर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था किए जाने से मजदूरों की घर वापसी आसान हुई है। बताया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर भी इनकी वापसी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे मुंबई, जम्मू, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्यों से लगातार लोगों के लौटने का सिलसिला जारी है। हालांकि, इन प्रवासी मतदाताओं के वोटिंग पैटर्न को लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट कहना मुश्किल माना जा रहा है।

## हाई कोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसरों को चुनाव ड्यूटी में लगाने की दी अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने विधानसभा चुनाव के लिए राज्य सरकार के कॉलेजों के असिस्टेंट प्रोफेसरों को पीठासीन अधिकारी के रूप में चुनाव ड्यूटी करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। अदालत ने इस संबंध में एकल पीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा उनकी ड्यूटी लगाने के फैसले को रद्द कर दिया गया था। खंडपीठ ने कहा कि कुछ प्रोफेसरों ने अदालत का रुख किया, लेकिन अन्य ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कर्तव्य का निर्वहन किया। न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और न्यायमूर्ति अजय गुप्ता की खंडपीठ ने पीठासीन अधिकारियों के रूप में उनकी नियुक्ति को रद्द करने वाले एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी। खंडपीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशिष्ट कारणों का उल्लेख किए बिना 'ग्रुप ए' रैंक के अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन असिस्टेंट प्रोफेसरों को भी आयोग की आवश्यकता को समझना चाहिए। बता दें कि उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने विधानसभा चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ असिस्टेंट प्रोफेसरों को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने के फैसले को 17 अप्रैल को रद्द कर दिया था।

एकल पीठ ने याचिकाकर्ता प्रोफेसरों की पीठासीन अधिकारियों के रूप में नियुक्ति को रद्द करते हुए कहा था कि संबंधित अधिकारी कोई ऐसा दस्तावेज़ पेश करने में विफल रहे, जिससे यह साबित हो सके कि किन अपरिहार्य परिस्थितियों के आधार पर उन्हें मतदान केंद्रों पर नियुक्त करने का फैसला लिया गया। उनके वकील शमीम अहमद के अनुसार, अदालत में याचिका दायर करने वाले संगठन में 300 से अधिक सदस्य हैं।

## बागबाजार गौड़ीय मठ में शुरू हुआ 'चंदन यात्रा' महोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बागबाजार स्थित बागबाजार गौड़ीय मठ में पारंपरिक 'चंदन यात्रा' महोत्सव की शुरुआत हो गई है। यह धार्मिक उत्सव आगामी 10 मई तक लगातार 21 दिनों तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, नामसंकीर्तन और पूजा आयोजित की जा रही है, जिससे भक्तों में गहरी श्रद्धा और उत्साह देखने को मिल रहा है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में भगवान श्रीकृष्ण को शीतल रखने के लिए चंदन और सुगंधित फूल अर्पित करना है। महोत्सव के चलते प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। शाम की आरती और कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है, जो बागबाजार की आध्यात्मिक संस्कृति को और समृद्ध कर रहा है।

## पूर्व रेलवे की पहल: समर सीजन में स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को कन्फर्म सीटें मिलेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 22 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक ट्रेन ऑन डिमांड के तहत विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। हावड़ा, कोलकाता, आसनसोल, मालदह टाउन और भागलपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से नई दिल्ली, कानपुर, गोरखपुर, जयपुर और सिलीगुड़ी सहित कई महत्वपूर्ण शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 22 से 24 अप्रैल के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए 04061 भागलपुर-दिल्ली, 06566 मालदह टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल और 01702 हावड़ा-जबलपुर स्पेशल ट्रेनों में एसी श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं। वहीं, 09206 आसनसोल-पोरबंदर और 09176 दुर्गापुर-उधना स्पेशल में स्लीपर और सेकेंड सीटिंग की सुविधा मिल रही है। 23 अप्रैल को 05753 मालदह टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी और 09624 आसनसोल-उदयपुर सिटी स्पेशल ट्रेनों से भी यात्री लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, 07581 मधुपुर-चोपन और 09482 हावड़ा-वटवा स्पेशल भी संचालित हो रही हैं। 26 से 28 अप्रैल के बीच 02023 हावड़ा-पटना, 09436 आसनसोल-साबरमती और 09606 कोलकाता-मदार स्पेशल ट्रेनों में भी सीटें उपलब्ध हैं। गोरखपुर और छपरा जाने वाले यात्रियों के लिए 05031 और 05155 कोलकाता से चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रथम एसी, द्वितीय एसी और तृतीय एसी कोच उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 08402 कोलकाता-भुवनेश्वर, 06038 डानकुनी-चेन्नई सेंट्रल और 04051 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन हो रहा है। महीने के अंतिम दिनों, 29 से 30 अप्रैल के बीच 09180 दुर्गापुर-उधना, 04820 आसनसोल-जोधपुर और 05063 कोलकाता-गोमती नगर स्पेशल ट्रेनों में 2एसी, 3एसी और स्लीपर श्रेणी की सीटें उपलब्ध रहेंगी। पूर्व रेलवे के **मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी** ने कहा कि व्यस्त अवकाश अवधि में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह रेलवे की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से हजारों अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## जाली दस्तावेज प्रसारित करने के आरोप में कुणाल घोष व गर्ग चटर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी गहमागहमी के बीच तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष और बांग्ला पक्ष के महासचिव गर्ग चटर्जी के खिलाफ जाली राजनीतिक दस्तावेज प्रसारित करने के आरोप में भाजपा नेता ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल को विधाननगर पुलिस आयुक्तालय के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायतकर्ता प्रदेश भाजपा की महासचिव शशि अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा से संबंधित एक कथित जाली दस्तावेज तैयार कर एक्स हैंडल पर प्रसारित किया गया, जिसका उद्देश्य जनता को गुमराह करना और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाना था। शिकायत में कहा गया है कि यह दस्तावेज भ्रामक और मानहानिकारक था, जिसका इस्तेमाल चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किया गया। आरोप है कि यह सामग्री कुणाल घोष के एक्स अकाउंट से साझा की गई और बाद में गर्ग चटर्जी ने फेसबुक पर इसे और फैलाया, जिससे इसका दायरा बढ़ गया। पुलिस ने इस मामले में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसीपी इप्सिता दत्ता को सौंपी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जाली दस्तावेज का स्रोत क्या है, इसे किसने तैयार किया और यह इंटरनेट मीडिया पर कैसे फैला।

## सॉल्टलेक में आनंदलोक अस्पताल में लगी आग, मरीजों को सुरक्षित स्थानांतरित किया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक इलाके के पास स्थित आनंदलोक अस्पताल में मंगलवार की सुबह आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर लगी थी। सड़क से गुजर रहे लोगों ने भवन से उठता धुआं और लपटें देखकर दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। तब तक दूसरी मंजिल स्थित ऑपरेशन थिएटर का एक हिस्सा आग की चपेट में आ चुका था। स्थानीय लोगों ने भी दमकल कर्मियों के साथ आग बुझाने में मदद की। साथ ही, अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने और दूसरे भवन में स्थानांतरित करने का कार्य शुरू किया गया। अस्पताल कर्मियों के अनुसार, करीब 70 से 75 मरीजों को अस्पताल के दूसरे भवन में सुरक्षित पहुंचाया गया है। सभी मरीज सुरक्षित बताए गए हैं। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि दूसरी और तीसरी मंजिल पर भर्ती सभी मरीजों को बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक आशंका है कि वातानुकूलन यंत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है, हालांकि प्रशासन ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सुबह लगभग 11 बजे तक आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद रहकर स्थिति सामान्य करने में जुटी रही।

## बेलडांगा हिंसा : हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने यूएपीए की धाराओं को लागू करने पर सुनवाई से खुद को किया अलग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अरिजीत बंदोपाध्याय और न्यायमूर्ति अपूर्वा सिन्हा रॉय की खंडपीठ ने मंगलवार को उस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया कि क्या इस वर्ष जनवरी में अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा से संबंधित मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धाराएं लागू होंगी। अब इस मामले को कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल के पास भेज दिया गया है। जस्टिस बंदोपाध्याय और जस्टिस रॉय की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करते हुए टिप्पणी की कि यूएपीए की धाराएं लागू होंगी या नहीं, इसका फैसला केवल कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ही कर सकती है। हालांकि, जस्टिस बंदोपाध्याय और जस्टिस रॉय की डिवीजन बेंच ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने इस मामले में 35 आरोपियों में से 15 को सशर्त जमानत दी थी। अपनी याचिका में, एनआईए ने तर्क दिया था कि एजेंसी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार जांच कर रही है, इसलिए निचली अदालत जांच के दौरान इस तरह से जमानत नहीं दे सकती थी। सुनवाई के अंत में, डिवीजन बेंच ने टिप्पणी की कि यदि एनआईए 15 आरोपियों की जमानत के खिलाफ अपने तर्कों के समर्थन में पर्याप्त सबूत पेश कर पाती है, तो उनकी जमानत निश्चित रूप से रद्द कर दी जाएगी।

## वर्ग पहेली नं. 3417



*बायें से दायें :-* 2) शोक, 4) घटा, 7) मोहित, 9) कठोर, 10) सावधान, 11) स्वर्ण, 13) भागा, 14) अल्पतम, 16) भाँति, 18) जनता, 19) समान करना, 21) इच्छा, 22) अनेक, 23) विश्वास, 25) क्रोध, 27) उद्देश्य; इरादा, 30) एक पक्षी, 31) सत्ताधिकार, 32) नमकीन.

*ऊपर से नीचे :-* 1) दग़ाबाज़ी, 2) भ्रांत धारणा, 3) गंदगी, 4) वक्तव्य, 5) लंबी रेखा, 6) सिर्फ़ एक, 8) नौकर, 12) हृदय, 15) पारंगत; अच्छा जानकार, 17) जीभ, 18) प्रेम, 20) घटिया क़िस्म का अनाज, 21) चिंतन, 22) सहायक, 24) मूल्यवान, 25) जो बंद न हो, 26) झूठ रहित, 28) निर्जल, 29) पारी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3375

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | | |
| | 1 | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | 2 | | | | 3 | 1 |
| | | 2 | | 5 | | 6 | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 3 | | | | | 9 | | | |
| 9 | | | | | | 8 | 7 | |
| 8 | | 6 | | | | | 9 | 5 |
| | 7 | 5 | | | | | | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3374 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 8 | 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 1 |

श्री मुनिसुव्रतनाथाय नमः

श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर

5, एस. पी. मुखर्जी रोड, कोलकाता - 700025





# शिलान्यास समारोह

**मंगल तिथि: 23 अप्रैल, 2026**

## मुख्य शिला पुण्यार्जक परिवार



सुभाष जी - सरिता जी बड़जात्या, मयंक, रजनी, अभिषेक
दीपिका जैन, शाईशा, आरहान, अतिवीर जैन
बड़जात्या, (मयंक ग्रुप) कोलकाता

## मांगलिक कार्यक्रम

### 23 अप्रैल गुरुवार 2026

प्रातः 06:30 बजे - नित्याभिषेक - पूजन
प्रातः 07:30 बजे - भूमि जागरण मंत्र जाप
प्रातः 08:30 बजे - शिला शुद्धि एवं शिला पूजन (स्वर्ण सौभाग्यवति एवं सौभाग्यवती महिलाओं द्वार)
प्रातः 09:30 बजे - शिलान्यास विधि प्रारंभ
प्रातः 10:00 बजे - तीर्थ क्षेत्रों की मिट्टी स्थापना, सुगंधित द्रव्य, दिव्य औषधियां, नवावर्त स्वस्तिक स्थापन
प्रातः 11:09 बजे - मूल आधार शिला स्थापना मंगल द्रव्य स्थापना - प्रशस्ति वाचन एवं स्थापना
पश्चात क्रमश:
बीजाक्षर शिला स्थापना, सर्वार्थ सिद्धि स्वर्ण शिला स्थापना
अमृत सिद्धि रजत शिला स्थापना, महानंदा ताम्र शिला स्थापना, कलश स्थापना,
सामान्य स्वर्ण शिला स्थापना, सामान्य रजत शिला स्थापना, सामान्य ताम्र शिला,
सामान्य पाषाण शिला, सामान्य शिला स्थापना
पश्चात शांति हवन - विसर्जन समापन

LIVE TELECAST ON PARAS CHANNEL FROM 9:30 AM

पारस अहिंसा का जयघोष

**आयोजक - श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन ट्रस्ट, कोलकाता**

SHREE MUNISUVRATNATH DIGAMBER JAIN TRUST • 2024 •

LIVE TELECAST ON WAAH ZINDAGI

Waah! Zindagi आपकी ज़िन्दगी बने वाह! ज़िन्दगी

| | | | |
|---|---|---|---|
| Shri Abhishek Jain (Sablawat) | Shri Lalit Kumar Saraogi (Pandya) | Shri Pratik Jain | Shri Subhash Chand Bagra |
| Shri Anil Kumar Saraogi | Shri Mahendra Kumar Pandya | Shri Prem Jain | Shri Subhash Chand Pandya |
| Shri Ashok Kumar Jain (KP) | Shri Mahendra Kumar Sethi | Shri Raj Kumar Jain (Bajaj) | Shri Sudheer Kumnar Jain |
| Shri Ashok Kumar Saraogi (Pandya) | Shrimati Manju Patni | Shri Rajendra Jain Pandya | Shri Sukhmall Bakliwal |
| Shri Ashok Kumar Jain (Sethi) | Shri Manoj Kumar Saraogi (PM) | Shri Rajneesh Jain (Kala) | Shri Suresh Chand Jain (Rourkela) |
| Shri Ashok Kumar Jain (Kala) | Shri Mahaveer Jain (Guwahati) | Shri Raj Kumar Kala | Shri Suresh Kumar Patni |
| Shri Bhag Chand Jain (Kashliwal) | Shri Nalin Kumar Jain | Shri Rakesh Jain (Chhabra) | Shri Suresh Kumar Patni |
| Shri Bharat Jain | Shri Narendra Jain (Bakliwal) | Shri Rakesh Saraogi | Shri Suresh Kumar Saraogi |
| Shri Daulat Jain | Shri Narendra Kumar Pandya | Shri Ravi Kumar Jain (Kashliwal) | Shri Vijay Kumar Jain |
| Shri Devendra Jain | Shri Nirmal Kumar Jain (Bindayaka) | Shri Sandeep Jain (Patni) | Shri Vijay Kumar Patni |
| Shri Dilip Kumar Gangwal | Shri Pankaj Barjatya | Shri Sandeep Jain (Patni) | Shri Vimal Kumar Godha |
| Shri Dinesh Gangwal | Shri Pankaj Jain (Chhabra) | Shri Sanjay Kumar Jain (Kala) | Shri Vineet Kumar Jain |
| Shri Dipak Jain (Pandya) | Shri Parasmal Jain | Shri Sanjay Jain (Paharia) | Shri Vinit Jain (Guwahati) |
| Shri Jinendra Kumar Jain (Ajmera) | Shri Pawan Kumar Sethi | Shri Sanjay Kumar Jain (Kashliwal) | Shri Vinod Kumar Jain (Kala) |
| Shri Kailash Chand Saraogi | Shri Pradip Kumar Jain (Pandya) | Shri Santosh Kumar Jain (Sethi) | |
| Shri Kamal Nayan Jain | Shri Pradeep Kumar Jain (Pandya) | | |

**नोट - केवल आमंत्रित व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति है।**

प्रचार सौजन्य:
EVER GREEN® be positive get positive
Safed
ISPATGOLD RANGIN ROOFS SURAKSHA SARBADA
NICHE TECHNOLOGIES PRIVATE LIMITED SHARE TRANSFER AGENT Category- I SEBI Registrar
arrjavv Rooted in Sincerity

निवेदक: सकल दिगम्बर जैन समाज, वृहत्तर कोलकाता

# घुसपैठियों से मुक्त बंगाल में हर साल युवाओं को एक लाख नौकरियां मुहैया कराएगी भाजपा : अमित शाह

❑ कहा... 'सत्ता में आने पर भाजपा बंगाल में गरीबों के लिए जारी किसी भी सरकारी योजना को बंद नहीं करेगी'

❑ कहा... 'ममता का अपने भतीजे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का सपना कभी पूरा नहीं होगा'



**पश्चिम बर्दवान :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव को 'राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने' का अवसर बताते हुए मंगलवार को कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई, तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी। पश्चिम बर्दवान के औद्योगिक केंद्रों आसनसोल और बराकर के बाहरी इलाके कुल्टी में दिन की अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने इस क्षेत्र को देश के लौह अयस्क उत्पादन का केंद्र बताया और इसकी औद्योगिक पहचान बहाल करने एवं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कुलटी कभी देश में लौह अयस्क उत्पादन का केंद्र हुआ करता था, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने इसे बदहाल कर दिया है। हम इस लौह नगरी को फिर उसकी पुरानी पहचान दिलाएंगे, अवैध खनन रोकेंगे, क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले 'स्पंज आयरन' उत्पादन पर प्रभावी रोक लगाएंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने तृणमूल सरकार पर 'योग्य अभ्यर्थियों की नौकरियां छीनकर अयोग्य लोगों को बेचने' आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वादा करती है कि सत्ता में आने पर वह बंगाल में हर साल एक लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देगी। शाह ने वादा किया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नयी सरकार 'राज्य में पनप रहे सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज' का भी अंत करेगी। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के झूठे प्रचार के विपरीत, भाजपा बंगाल में गरीबों के लिए जारी किसी भी सरकारी योजना को बंद नहीं करेगी, बल्कि हम अतिरिक्त योजनाएं शुरू करेंगे। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के जीवन का 'एकमात्र लक्ष्य' अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को पश्चिम बंगाल का भावी मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि दीदी का अपने भतीजे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का सपना कभी पूरा नहीं होगा।

## दशकों पुराना गोरखा मुद्दा राज्य में भाजपा सरकार बनने के छह महीने के भीतर सुलझाएंगे : अमित शाह

**कार्सियांग :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में राजनीतिक रूप से अहम पहाड़ी क्षेत्रों के मतदाताओं से भावनात्मक जुड़ाव बनाने की कोशिश करते हुए मंगलवार को वादा किया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो दशकों पुराने गोरखा मुद्दे का समाधान छह महीने के भीतर कर दिया जाएगा। शाह ने कहा कि भाजपा के अलावा कोई अन्य दल गोरखाओं की समस्या का स्वीकार्य समाधान नहीं निकाल सकता। उन्होंने दार्जिलिंग जिले के कार्सियांग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गोरखाओं की चिंताओं एवं आकांक्षाओं को समझती है और वह उनकी शर्तों के अनुसार समाधान खोजने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के छह महीने के भीतर हर गोरखा के चेहरे पर मुस्कान होगी। हम गोरखा मुद्दे का ऐसा समाधान निकालेंगे जिससे गोरखा शांति से रह सकें। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर इस मुद्दे के समाधान के प्रयासों में शामिल होने से इनकार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री बनने के बाद इस मामले में तीन बैठक बुलाई थीं। शाह ने कहा कि मैंने गृह मंत्री बनने के बाद गोरखा मुद्दे को सुलझाने के लिए तीन बड़ी बैठक बुलाईं लेकिन ममता दीदी की ओर से एक बार भी कोई प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ममता दीदी, गोरखा मुद्दे के समाधान के लिए हम आप पर निर्भर नहीं हैं। हमने एक वार्ताकार नियुक्त किया है, जो यहां के गोरखा संगठनों और पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों से बात कर रिपोर्ट तैयार कर रहा है। शाह ने दावा किया कि पहाड़ी क्षेत्र के लोगों की चिंताओं को केवल भाजपा ही समझती है।

# कोई नहीं चाहता कि बंगाल में भाजपा सरकार बनाए, तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी : ममता



**पूर्व मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भाजपा सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार राज्य में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह पिछले एक महीने से पश्चिम बंगाल का गहन दौरा कर रही हैं और इस अवधि में मैं समझ गई कि जनता क्या चाहती है, यह साफ है कि कोई भी भाजपा को नहीं चाहता। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भाजपा द्वारा जारी 'आरोपपत्र' पर उसे आड़े हाथ लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी हल्दिया डॉक कॉम्प्लैक्स और उससे लगे औद्योगिक क्षेत्र में 'कट–मनी' लेने के लिए भाजपा के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर रही हैं। ममता ने कहा कि आपने तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया, मैं भी भाजपा के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर रही हूं।

❑ **पुलिस को धमकाते हुए कहा... 'प्रशासन निष्पक्ष रहे'**

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस पर दबाव बनाकर एक पक्ष के लिए काम कराया जा रहा है। ममता ने कहा कि उन्होंने कभी पुलिस को किसी पार्टी के पक्ष में काम करते नहीं देखा था, लेकिन अब सभी एकजुट होकर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों के तबादले का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के कई अधिकारियों को हटाकर बाहरी लोगों को लाया गया है। सभा में उन्होंने मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस हर ओर नजर रखेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास 50 कैमरे हैं तो जनता के पास उससे अधिक नजरें हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यदि जनता उनकी अगुवाई में सरकार चाहती है तो उम्मीदवार का नाम भूल जाए, क्योंकि 294 सीटों पर वह स्वयं उम्मीदवार हैं। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के समय प्रवासी श्रमिकों पर दबाव बनाकर समर्थन मांग रही है। उन्होंने कहा कि संकट के समय राज्य सरकार ही मजदूरों के साथ खड़ी रहती है और मृतकों के शव तक वापस लाने का काम करती है। नंदीग्राम की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संघर्ष के समय वह स्वयं जोखिम उठाकर वहां पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ याद रखती है और चुनाव में जवाब देगी।

## राहुल गांधी का 23 अप्रैल का बंगाल दौरा रद्द, नहीं मिली अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 23 अप्रैल का पश्चिम बंगाल दौरा रद्द हो गया है। इसे लेकर कांग्रेस ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि तृणमूल के इशारे पर स्थानीय प्रशासन खासकर पुलिस ने राहुल को कोलकाता जाने की परमिशन नहीं दी। कांग्रेस के मुताबिक, पार्टी ने मंगलवार 21 अप्रैल को शाम 6 बजे तक इंतजार किया, लेकिन अनुमति न मिलने की वजह से कार्यक्रम की तैयारी करना संभव नहीं हो सका।

## भाजपा वादे पूरे करने में विफल, तृणमूल की कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध जारी रहेंगी : अभिषेक बनर्जी



**बांकुड़ा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा पर अपने वादे पूरे करने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी की 'लक्ष्मीर भंडार' जैसी कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने कहा कि महिलाओं को इस योजना के तहत जीवन भर लाभ मिलता रहेगा। तृणमूल सांसद जोर देकर कहा कि लक्ष्मीर भंडार को कोई नहीं रोक सकता। भाजपा पर झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए अभिषेक ने कहा कि भाजपा ने 'सबके बैंक खाते में 15 लाख रुपये और सालाना दो करोड़ नौकरियां' देने का अपना वादा पूरा नहीं किया। अभिषेक ने कहा कि जो लोग बुनियादी वादे पूरे नहीं कर पाए, उन पर कल्याणकारी लाभ प्रदान करने का भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों को राज्य की प्रत्यक्ष लाभ योजनाएं अपनाने की चुनौती भी दी। तृणमूल नेता ने कहा कि भाजपा द्वारा शासित 16 राज्य हैं। अगर इनमें से एक भी राज्य बिना किसी भेदभाव के सभी महिलाओं के लिए 'लक्ष्मीर भंडार' जैसी योजना लागू कर दे, तो मैं फिर कभी वोट मांगने नहीं आऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'मोदी गारंटी' की कोई वारंटी नहीं है, जबकि (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी की गारंटी जीवन भर की गारंटी है। अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, अभिषेक ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में 80 करोड़ रुपये की ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया वह भी केंद्र के किसी योगदान के बिना। उन्होंने अगले पांच वर्षों में निवेश को दोगुना करके 160 करोड़ रुपये करने का वादा किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर मंहगाई को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप भी लगाया और कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को रोककर रखा जा रहा है। अभिषेक ने दावा किया कि बंगाल के लोगों को अन्य राज्यों में 'बाहरी' और यहां तक कि 'बांग्लादेशी' करार दिया जा रहा है, उन्होंने मतदाताओं से चुनावों में 'भाजपा को सबक सिखाने' का आग्रह किया।

❑ **नेताजी की उक्ति को लेकर योगी पर तीखा प्रहार**

अभिषेक ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा बार–बार बंगाल के महापुरुषों के नाम और विचारों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को ऐसा जवाब देना होगा कि आने वाले सौ वर्षों तक बंगाल के साथ विश्वासघात करने से पहले वे कई बार सोचें। उन्होंने कहा कि हाल ही में, बंगाल में प्रचार के लिए आए योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' को स्वामी विवेकानंद का बताया, जिसे लेकर पूरे राज्य में आलोचना हो रही है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं को बंगाल के महान व्यक्तित्वों के बारे में सही जानकारी तक नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मस्थान को लेकर गलत बातें कही जाती हैं, तो कभी उनके नाम तक को गलत बोला जाता है।

## भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : मो. सलीम



**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव से पहले मंगलवार को कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और मीडिया की भूमिका पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। अपने संबोधन में सलीम ने आरोप लगाया कि राज्य में 'माफिया राज' चल रहा है और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं हो रही हैं, लेकिन इन घटनाओं को उचित महत्व नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार संस्थागत रूप ले चुका है और विरोध करने वालों पर झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सलीम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद कई जगह हिंसा की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही। उन्होंने इस्लामपुर में एक वामपंथी कार्यकर्ता की हत्या का उल्लेख करते हुए आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाया। साथ ही, कहा कि निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार करने में भी आयोग विफल रहा है और वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास और परंपरा की जानकारी के अभाव में कई भ्रामक बयान दिए जा रहे हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के संदर्भ में टिप्पणी करते हुए सलीम ने कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक पहचान अलग है और नेताजी जैसा व्यक्तित्व अद्वितीय है। मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ समाचार माध्यमों का इस्तेमाल दुष्प्रचार के लिए किया जा रहा है, जिससे सांप्रदायिक विभाजन बढ़ रहा है। उन्होंने राजनीतिक परामर्शदाता संस्थाओं और सरकार के बीच निकटता का भी मुद्दा उठाया। राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चिंता जताते हुए सलीम ने कहा कि जो बंगाल कभी शिक्षा, संस्कृति और जन आंदोलनों में अग्रणी था, वह आज रोजगार और शिक्षा के संकट से जूझ रहा है। उन्होंने सरकारी नौकरियों में बड़ी संख्या में रिक्त पदों का जिक्र करते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कृषि संकट का उल्लेख करते हुए आलू किसानों की बदहाली का मुद्दा भी उठाया। महिला सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव से पहले उनकी पार्टी ने ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक विकास के लिए तीन चरणों का घोषणापत्र जारी किया है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि टूटे सीने के साथ भी नया बंगाल बनाया जाएगा।

## ममता अराजकता को बढ़ावा दे रही हैं, वंशवाद की राजनीति हावी और विकास ठप : रवनीत सिंह बिट्टू



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में अराजकता को बढ़ावा दे रही हैं, वंशवाद की राजनीति को प्रोत्साहित कर रही हैं और विकास के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र (संख्या 159) में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिट्टू ने कहा कि राज्य सरकार ने न तो नए विकास कार्य शुरू किए हैं और न ही केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग का प्रभावी उपयोग किया है। इस क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शुवेंदु अधिकारी चुनाव मैदान में हैं। पार्क स्ट्रीट में पंजाबी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने राज्य के वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व की कड़ी आलोचना की। बिट्टू ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक व्यवस्था पर अभिषेक बनर्जी का असामान्य प्रभाव है, जिससे शासन प्रणाली प्रभावित हो रही है। उन्होंने राज्य की स्थिति की तुलना केंद्र की सरकार से करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में निर्णायक और विकासोन्मुखी शासन देखने को मिल रहा है, जबकि पश्चिम बंगाल में प्रशासन कमजोर और अप्रभावी साबित हुआ है। सभा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई, जहां उपस्थित जनसमूह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्थन जताते हुए आगामी चुनावों में सत्ता परिवर्तन का संकल्प व्यक्त किया।

## केंद्रीय बलों के दुरुपयोग का आरोप, कुणाल घोष बोले... 'टैंक उतार दीजिए'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष और रीजू दत्ता ने केंद्रीय बलों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। मंगलवार की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुणाल घोष ने कहा कि शांत इलाकों में आधी रात को केंद्रीय बल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के बूथ एजेंट और सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुन–चुनकर गिरफ्तार करने की योजना बनाई जा रही है। इस पर, तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही करना है तो कुछ टैंक भी सड़कों पर उतार दीजिए, हम भी देखेंगे। कुणाल घोष ने यह भी कहा कि केंद्रीय बल अपनी सीमा पार कर रहे हैं और लोगों को डराने–धमकाने का काम कर रहे हैं। उनका आरोप है कि कई जगहों पर केंद्रीय बलों के जवान लोगों से भाजपा को वोट देने की बात कह रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस रिकॉर्ड संख्या में सीटें जीतकर सत्ता में वापस आएगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चौथी बार राज्य की जिम्मेदारी संभालेंगी। उन्होंने कोलकाता बंदरगाह इलाके में भाजपा के उम्मीदवार राकेश सिंह के प्रचार के दौरान हुए हंगामे की भी निंदा की। तृणमूल कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा, कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के साथ मिलकर तृणमूल कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

## खड़गपुर में बिना रोड शो किए लौटे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

**पश्चिम मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम मेदिनीपुर जिला अंतर्गत खड़गपुर तहसील में भाजपा के प्रचार अभियान को उस समय झटका लगा, जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन निर्धारित रोड शो में हिस्सा लिए बिना ही लौट गए। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी भद्र हेम्ब्रम के समर्थन में नितिन नवीन का रोड शो प्रस्तावित था। नितिन नवीन हेलीकॉप्टर से पहुंचे, लेकिन वहां से कार्यक्रम स्थल की ओर जाने के बजाय सीधे वापस लौट गए। उम्मीदवार भद्र ने इसके लिए चुनाव आयोग के समय–सीमा संबंधी नियमों को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि पहले शाम 4:30 बजे तक प्रचार की अनुमति थी, जिसे बाद में घटाकर 3:30 बजे कर दिया गया, जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।



भाजपा सांसद, अभिनेत्री हेमा मालिनी हेलीकॉप्टर से मेखलीगंज जनसभा के लिए रवाना होते हुए, साथ हैं प्रदेश भाजपा नेता विद्यासागर मंत्री

## आरजीकर पीड़िता की मां की पीएम मोदी से बेटी की पहचान उजागर करने की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल दुष्कर्म व हत्याकांड ने एक बार फिर नया मोड़ ले लिया है। पानीहाटी विधानसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार और मृतका की मां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक साहसिक और भावनात्मक अपील की है। उन्होंने मांग की है कि उनकी बेटी का नाम और तस्वीर सार्वजनिक की जाए। पीड़िता की मां का तर्क केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यवस्था पर एक गंभीर प्रहार है। उनका कहना है कि जो अपराध करते हैं, वे समाज में खुले चेहरे के साथ घूमते हैं, जबकि जिसके साथ अपराध हुआ, उसे 'पीड़ित' का ठप्पा लगाकर छिपा दिया जाता है। उनकी यह मांग उस सामाजिक सोच को चुनौती देती है, जहां यौन हिंसा की शिकार महिला की पहचान को शर्म से जोड़ दिया जाता है। पीड़िता की मां चाहती हैं कि एक नया कानून (बिल) लाया जाए जिससे सभी पीड़ितों की पहचान उजागर हो सके, ताकि समाज उन्हें सहानुभूति से नहीं बल्कि सम्मान और न्याय की दृष्टि से देखे।

# 4 मई को जाएगी तृणमूल कांग्रेस, बंगाल में बदलाव तय : अनुराग ठाकुर



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में राज्य की राजनीति को 'ममता बनाम जनता' का मुकाबला बताया। उन्होंने कहा कि जब जनता अपने फैसले खुद लेने लगती है तो परिणाम एकतरफा होता है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य में लंबे समय से तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भाई–भतीजावाद की राजनीति हावी रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 4 मई को न केवल तृणमूल कांग्रेस बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सत्ता से बाहर हो जाएंगी, क्योंकि अब राज्य का युवा बदलाव चाहता है और इस बार जनता जवाब देने के मूड में है। अनुराग ठाकुर ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में टीएमसी का मतलब अब 'टेरर, मनी लॉन्ड्रिंग और कटमनी' बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है और भ्रष्टाचार के कई आरोपों से घिरी रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब बंगाल की जनता बदलाव चाहती है और तृणमूल सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है। ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का हवाला देते हुए कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो युवाओं और महिलाओं के लिए कई बड़े कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को हर महीने 3,000 की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य में एक करोड़ रोजगार अवसर पैदा करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 की आर्थिक सहायता देने और सभी खाली सरकारी पदों को पारदर्शिता के साथ भरने का वादा किया गया है। ठाकुर ने कहा कि बंगाल के युवा सिर्फ नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनेंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण ढांचा विकसित करने की भी योजना है। अनुराग ठाकुर ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो राष्ट्रीय औसत से कई गुना अधिक है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में लाखों नौकरियां खत्म हो चुकी हैं और युवा मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2015–16 के बाद से लगभग 30 लाख नौकरियों का नुकसान हुआ है। वहीं, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे राज्यों में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं।

❑ **'मोदी के झालमुड़ी खरीदने का चुनाव में पड़ेगा असर'**

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झाड़ग्राम में 'झालमुड़ी' खरीदना चुनावों पर असर डालेगा और उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले 15 वर्ष में छोटे व्यापारियों तक पहुंचने का ऐसा कोई प्रयास किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक ब्रैंड हैं जो लोगों के दिलों में बसते हैं।



मतदान से पहले जादवपुर इलाके में स्थानीय पुलिस अधिकारी के साथ रूट मार्च करती महिला सीआरपीएफ

# फरक्का में कांग्रेस नेता के घर की छत पर बम विस्फोट मामले का आरोपी गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का थाना अंतर्गत मानिकतल्ला इलाके में कांग्रेस के एक नेता के घर की छत पर हुए बम विस्फोट को लेकर सियासत गर्म है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर के मालिक और स्थानीय कांग्रेस नेता साइमुल हक को झारखंड के पाकुड़ से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित नेता को मंगलवार को जंगीपुर उपमंडल अदालत में पेश किया गया। घटना सोमवार की सुबह की है जब साइमुल हक के घर की छत पर निर्माण कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजमिस्त्री दीवार बनाने का काम कर रहे थे,



तभी छत के एक कोने में रखे दो बम अचानक फट गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि छत की मुंडेर का एक हिस्सा ढह गया और पूरा इलाका दहल उठा। सूचना मिलते ही फक्का पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक साइमुल और उनका परिवार घर छोड़कर फरार हो चुका था। साइमुल हक पिछले पंचायत चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस पर हिंसा की साजिश रचने और घर में बम जमा करने का आरोप लगाया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि चुनाव के मुहाने पर नेता के घर में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कहां से और किस उद्देश्य से लाए गए थे।

## बेलतला गर्ल्स स्कूल में छात्रों को आयुर्वेदिक विरासत के प्रति जागरूक करने पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलतला गर्ल्स स्कूल में छात्रों के बीच भारत की पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. देबब्रत सेन ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. सेन ने सरल भाषा में समझाया कि आयुर्वेद किस प्रकार स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित दिनचर्या के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को शरीर के शुरुआती स्वास्थ्य संकेतों को पहचानने और प्राकृतिक तरीके से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई प्रश्न पूछे।

# जेईई मेन 2026: डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

❑ **24 छात्रों ने हासिल किया 99% से अधिक परसेंटाइल**

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क के छात्रों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जेईई मेन परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। विद्यालय के कुल 246 छात्र-आवेदकों में से 124 छात्रों, यानी लगभग 50 प्रतिशत, ने जेईई मेन परीक्षा उत्तीर्ण कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है, जो संस्थान की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। इस वर्ष की विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के 24 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुकृत मजूमदार ने 99.94 परसेंटाइल के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्शी साहा ने 99.85 और अर्घ्य चक्रवर्ती ने 99.84 परसेंटाइल प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त राजर्षि घोष (99.84), सार्थक पलई (99.84), पार्थिव पाल (99.83), बिश्वाद्य मजूमदार (99.81), दीप्तार्का साहू (99.75), सम्प्रीति साहा (99.47), ध्रुव राणा (99.47), जिष्णुदीप चक्रवर्ती (99.43), अरण्यक पाल (99.42), अग्निज दास (99.36), अहमद रजा खान (99.35), श्रुति दास (99.31), अभिक गराई (99.28), उजान चटर्जी (99.27), श्रीनजॉय सरकार (99.25), ज्योतिरादित्य देब (99.24), शुभदर्शी मंडल मल्लिक (99.24), स्वप्निल भट्टाचार्य (99.24), वैभव बैद (99.22), सुप्तीक दास (99.20) और देबार्शी घोष (99.15) ने भी 99 प्रतिशत से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। डीपीएस रूबी पार्क की यह उपलब्धि एक बार फिर यह साबित करती है कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और निरंतर सफलता के लिए प्रतिबद्ध है।

# पूर्व रेलवे के पीसीसीएम ने वाणिज्य विभाग के नौ कर्मियों को 'माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' पुरस्कार से सम्मानित किया

❑ **पूर्व रेलवे मुख्यालय के टिकट जांच दस्ते को भी समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) डा. उदय शंकर झा ने मंगलवार को वाणिज्य विभाग के नौ कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य और कार्यकुशलता के लिए माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में- मालदा डिवीजन से कंचन कुमारी और राजिया सुल्ताना, आसनसोल डिवीजन से अजमे दाऊद और राहुल गांधी, सियालदह डिवीजन से अनुपमा कुंडू और सुभेंदु घोष, हावड़ा डिवीजन से सुदीप्ता देबनाथ और श्री इंद्रजीत सरकार शामिल हैं।



इन कर्मचारियों को बुकिंग कार्यालय, टिकट चेकिंग, पार्सल कार्यालय और माल कार्यालय से फरवरी और मार्च 2026 के महीनों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले के रूप में चुना गया था। चुने जाने के बाद, वे अपने आसपास के सभी कर्मचारियों को बेहतर यात्री, पार्सल और माल ढुलाई सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जिम्मेदार हैं। इसका उद्देश्य सभी को समग्र रूप से बेहतर सेवा प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, पूर्व रेलवे मुख्यालय के सात कर्मचारियों वाले टिकट जांच दस्ते को वित्तीय वर्ष 2025-26 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## चुनाव प्रचार के दौरान आईएसएफ उम्मीदवार अराबुल इस्लाम की कार पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैनिंग पूर्व से इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) उम्मीदवार अराबुल इस्लाम की कार पर हमला करने का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। घटना मंगलवार की सुबह कैनिंग पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेडेमारी बाजार में हुई। आरोप है कि जब आईएसएफ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लगा रहे थे उसी समय उनकी पिटाई की गई। खबर पाकर अराबुल इस्लाम मौके पर पहुंचे। इसके विरोध में अराबुल ने घटकपुकुर चौराहे पर बसंती हाईवे को जाम कर दिया। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि, तृणमूल ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। अराबुल इस्लाम ने कहा कि वहां लोगों को वोट देने में बाधा दी जाती है। हमारे उम्मीदवार पर हमले किए जाते हैं। मुझे अब तक इस पर यकीन नहीं था। लेकिन जब मुझ पर हमला हुआ, तो मुझे सबूत मिल गया। इस घटना को लेकर देउली इलाके में तनाव की स्थिति बन गई।

## पूर्व रेलवे चलाएगा तीन 'वन-वे' स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वन वे तीन अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इसके तहत, 03173 सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी वनवे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल 2026 को सुबह 09:50 बजे सियालदह से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में नैहाटी, राणाघाट, कृष्णनगर, मुर्शिदाबाद, अजीमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का और मालदह टाउन स्टेशनों पर रुकेगी। इसी प्रकार, 03105 कोलकाता-भुसावल वनवे अनारक्षित विशेष ट्रेन 22 अप्रैल 2026 को रात 23:55 बजे कोलकाता से रवाना होगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वहीं, 04403 हावड़ा-दानापुर एकतरफा अनारक्षित विशेष ट्रेन 22 अप्रैल 2026 को तड़के 01:30 बजे हावड़ा से प्रस्थान करेगी और यह ट्रेन बंडेल तथा आसनसोल होते हुए अपने गंतव्य तक जाएगी।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल का जेईई मेन 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन





**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस सफलता को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम माना जा रहा है। परीक्षा में विद्यालय के सम्प्रित दत्ता ने 99.93% अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरुष ने 99.48% और कबीर अहमद ने 98.25% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। विद्यालय के प्रदर्शन की बात करें तो कुल 2 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 6 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक और 11 विद्यार्थियों ने 92 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह उपलब्धि संस्थान की मजबूत शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली को दर्शाती है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निफ्टी का भविष्य का नज़रिया 27,080 पर : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल ने हाल ही में प्रकाशित अपनी इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की चढ़ती कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के चलते भारत की मौजूदा विकास यात्रा एक चुनौतीपूर्ण दौर में प्रवेश कर रही है। हालांकि आर्थिक विकास के बुनियादी कारक वही हैं, लेकिन उन्हें प्रभावित करने वाले बाहरी कारक बढ़ गए हैं और इसीलिए कमाई के अनुमानों को घटाया जा रहा है। पीएल कैपिटल के अध्ययन के अनुसार, भू-राजनीतिक अस्थिरता, खासकर पश्चिम एशिया संकट की पृष्ठभूमि में विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी के कारण पिछले तीन महीनों में निफ्टी 6.6% गिरा है। पीएल कैपिटल के को-हेड इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज अम्नीश अग्गरवाल ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव और तेल की कीमतों में तेज उछाल ने वैश्विक व्यापक आर्थिक माहौल को बेहद अनिश्चित बना दिया है।

# पूर्व रेलवे में स्वच्छता का महाअभियान, 'स्वच्छ ट्रैक-हरित सोच' से बदली तस्वीर



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे में चल रहे एक माह लंबे स्वच्छता अभियान के तहत पूरे जोन में व्यापक स्तर पर सफाई और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में यह अभियान जनभागीदारी का एक बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। अभियान के पांचवें दिन, 20 अप्रैल को विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल का संदेश जोर-शोर से देखने को मिला।

इस अभियान में ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। दिन की शुरुआत बैरकपुर समूह और सियालदह जिला स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित मेगा रैली से हुई। इसके बाद प्रथम सियालदह समूह ने सियालदह स्टेशन और कैसर स्ट्रीट स्थित रेलवे परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। वहीं, हालिशहर रेलवे स्टेशन और देशबंधु रेलवे कॉलोनी (भूतबागान क्षेत्र) में कंचरापाड़ा जिला संघ के देशबंधु समूह के 35 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स ने व्यापक अभियान चलाया।

मालदह मंडल में भी यह अभियान पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। अजीमगंज रेलवे स्टेशन पर 6 सदस्यीय स्काउट्स टीम ने सफाई और जागरूकता कार्यक्रम चलाया, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों में सकारात्मक संदेश गया। वहीं, रामपुरहाट जंक्शन पर स्काउट्स और गाइड्स ने जन-जन से संवाद कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। नैहाटी रेलवे स्टेशन पर नैहाटी समूह के सदस्यों ने क्लीन स्टेशन, हेल्दी नेशन के नारे के साथ अभियान चलाया। उन्होंने स्टेशन परिसर की सफाई के साथ-साथ ट्रेनों में यात्रियों से सीधे संवाद कर स्वच्छता का संदेश दिया, जिसे स्थानीय दुकानदारों और रेलवे कर्मचारियों का भी समर्थन मिला। अभियान को ट्रेनों के अंदर भी विस्तार दिया गया। आसनसोल मंडल में डोमोहानी ग्रुप के 15 सदस्यों ने आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर और जम्मू तवी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया।

इसी तरह पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (13331), बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (18184) तथा कुलिक एक्सप्रेस (13054) जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की सफलता पर पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह पहल केवल एक दिन की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जोन में नागरिक जिम्मेदारी और स्वच्छता की संस्कृति विकसित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स की सक्रिय भागीदारी प्रेरणादायक है और यात्रियों, विक्रेताओं तथा रेलवे कर्मचारियों के सहयोग से पूर्व रेलवे स्वच्छ रेल के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।


**पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन**
(रजिस्ट्रेशन नं: SO122423 Under W.B. Societies Registration Act 1961)
39ए, जोरखपुकर स्कायर लेन, कोलकाता - 700 006
**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**
सम्मेलन की साधारण सभा दिनांक 17 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे सम्मेलन कार्यालय में निम्नांकित विषयों पर विचार हेतु होगी :-
1. गत बैठक की कार्यवाही स्वीकृत करना।
2. संविधान संशोधन पर चर्चा और अनुमोदन
3. विविध, अध्यक्ष की अनुमति से।
अध्यक्ष : नन्दकिशोर अग्रवाल
दिनांक: 21 अप्रैल 2026

**कम्यूनिकेशन बैकबोन हेतु 2X48 फाइबर ओएफसी का प्रावधान**
**ई-निविदा सूचना सं. KIR-N-2026-K-2 तारीखः 16-04-2026।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैः **कार्य का नामः** कटिहार मंडल के अलुआबाड़ी रोड-सुरजकमल और आमबारी फालाकाटा-बेलाकोबा खंड पर कम्यूनिकेशन बैकबोन हेतु 2x48 फाईबर ओएफसी का प्रावधान कराना। **निविदा राशिः** ₹5,58,90,767.14/-। **धरोहर राशिः** ₹11,17,800/-। **ई-निविदा बंद होगीः 08-05-2026 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः 15.30 बजे में।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्रों के साथ विस्तृत विवरण आगामी **08-05-2026 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।
**डीआरएम (एसएंडटी), कटिहार**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-26, दिनांक 17.04.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-26 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं, बंद होने की तारीख/समय 12.05.2026 को 15.00 बजे। **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन एसडीआई में कॉमन लूप के शेष बचे हुए कार्य सम्पन्न करने के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 73,71,764.30; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 1,47,400; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.05.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जानाः** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
(HWH-29/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1321-2025-26, दिनांक 17.04.2026; कार्य का बिवरणः** एसएसई/विद्युतीय/जी/एनएच (एनएच, केएनआर, एसईपी), एसएसई/विद्युतीय/जी/एसपीआर (डी, बीएसडी, डीएच, जेएनएम, एमपीआरडी, एलकेपीआर), एसएसई/विद्युतीय/जी/आरएचए (केएलएनपी, एफएलयू, एसटीबी, डीबीबी, पीएलबाई, एसजीबी, सीएसजेड, केआरपी) और एसएसई/विद्युतीय/जी/बीटी (एचआरओ, सीक्यूआर, एचएनबी, एसएक्ससी, बीएनजे, जीयूएमए) के अधिकार क्षेत्र के अधीन पीआई/आरआरआई/ईआई के रिले रूम में एयर कंडीशनिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,75,34,984.51; **बयाना राशिः** रु. 7,50,700; **समापन अवधिः** 3 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 27.04.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 11.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-15/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,**
1, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज- 211001
FAX No. 0532-2407892, www.core.indianrailways.gov.in
सं.-आरई/टेंडर/सिविल **ई-निविदा सूचना** दिनाँकः- 20/04/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियंता, कोर, प्रयागराज** निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये) | बयाना राशि (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| आरई/टेण्डर/सिविल/546 | भारतीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज के राम बाग, जीपीओ कॉलोनी, N.Y.रोड, राजापुर, ट्रैफिक कॉलोनी, बलईपुर लोको कॉलोनी, मालगोदाम कॉलोनी, लीडर रोड एवं घन श्याम नगर के स्टाफ क्वार्टर में ज़ोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्परिंग एवं विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन के कार्य हेतु। | 16750327.76 | 335000.00 | 12 माह |
| आरई/टेण्डर/सिविल/547 | भारतीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज के मुख्यालय बिल्डिंग, शहर की तरफ के विश्रामगृह, सिविल लाइंस की तरफ के विश्रामगृह और रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित) में जोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्पेरिंग एवं विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन का कार्य हेतु। | 7150622.55 | 143000.00 | 12 माह |
| आरई/टेण्डर/सिविल/548 | नई दिल्ली के आईटीओ में स्थित महाप्रबंधक रेल विद्युतीकरण के नए शिविर कार्यालय एवं तिलक ब्रिज नई दिल्ली के अधिकारी विश्रामगृह में जोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्पेरिंग, बागवानी रख-रखाव एवं विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्य के निष्पादन हेतु। | 3359420.62 | 67200.00 | 12 माह |

**टिप्पणी-**
1. **निविदाओं की अंतिम/खोलने की तिथि-** 11.05.2026 को 15.30 बजे तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा भेज सकेंगे। उसके बाद ऑन लाइन IREPS पोर्टल पर खोला जायेगा।
2. **वेबसाइड का विवरण-** उपरोक्त ई-निविदाओं के अधिक विवरण/जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
3. **कार्यालय का पता-** प्रमुख मुख्य इंजीनियर/कोर. 1, नवाब युसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001
4. भारतीय रेल के पास किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्थगित, परिवर्तित अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
**नोटः** उपरोक्त निविदायें केवल **e-Bid** में ही स्वीकार की जायेगी।
**उप मुख्य अधियंता/कोर/प्रयागराज**
**सं.: पीआर-04/2026 (काका) भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से**
**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/26/20, दिनांक 20.04.2026;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- (क) **निविदा खुलने की तारीखः 11.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (1) 10252365, टू वे हॉर्न वॉल्व असेम्बली, रु. 1,80,360/-। **निविदा खुलने की तारीखः 01.06.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (2) 20251373ए, आईसीएफ आरेख सं. ईएमयू/एम-3-2-015, अल्ट. के/7 (के बाई 7) इत्यादि के अनुसार ब्रेक बीम (आउटर) की खरीददारी, रु. 1,04,200/-। **निविदा खुलने की तारीखः 11.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (3) 21261115, एयर सिलिंडर इत्यादि, रु. 4,26,690/-। **निविदा खुलने की तारीखः 18.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (4) 10261348, विद्युत रेल इंजन इत्यादि के लिए सिक्वेंस रिले, रु. 2,42,990/-। **निविदा खुलने की तारीखः 27.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (5) 19261304, बीआरजी एडॉप्टर एस्ले. इत्यादि, रु. 2,76,890/-। **निविदा खुलने की तारीखः 19.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (6) 08251435, डिसकनेक्टिंग तथा अर्थिंग यंत्र 8 पोल इत्यादि की खरीददारी, रु. 10,09,690/-। **निविदा खुलने की तारीखः 05.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (7) 14265032, सिंगल/डबल डिस्टेंट सिग्नलिंग इत्यादि में डबल लाइन सेक्शन में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग संचालन की विशिष्ट आवश्यकता को पूरा करने के लिए आरडीएसओ विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीबी/211/2022 वर्सन 1.0 के साथ नवीनतम संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के अनुसार फॉल-सेफ नेटवर्क मल्टीप्लेक्सर (एफएन-एमयूएक्स) की खरीददारी, आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, जांच एवं चालू करना, रु. 14,01,840/-। (8) 07251090एफ, सीएलडब्ल्यू की आरेख सं. 4डब्ल्यू.12000.054/बी, अल्ट सं. बी के अनुसार 415 मिमी x 72 मिमी x 175 मिमी आकार के लकड़ी के वेजों की खरीददारी, सामग्रीः प्रचलित एवं 3 फेज रेल इंजनों के लिए पूरी तरह से तैयार साल की लकड़ी, रु. 1,67,860/-। **निविदा खुलने की तारीखः 08.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (9) 21261529, बीयरिंग पीस इत्यादि की असेम्बली, रु. 1,19,950/-। **निविदा खुलने की तारीखः 18.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (10) 11251644, आपातकालीन बैटरी चार्जर इत्यादि की खरीददारी, रु. 1,35,130/-। **निविदा खुलने की तारीखः 11.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (11) 20262196, एक्सल बीयरिंग, रु. 1,72,630/-। (12) 11265008, एरोसोल अग्नि खोजी एवं बुझाने वाली प्रणाली की आपूर्ति एवं स्थापना, रु. 5,35,680/-। **निविदा खुलने की तारीखः 26.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (13) 1226-डीक्रॉसिंग-डीएस-6494, 1 इन 8.5 डॉयमण्ड क्रॉसिंग एवं टी-6494 के लिए रनिंग कंट्रैक्ट, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीखः 30.04.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (14) 1226-टीडब्ल्यूएस-9775, पीएससी स्लीपरों पर 60 किग्रा (यूआईसी)/60ई1 रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए 6400 मिमी कर्व्ड थिक वेब स्विच के साथ थिक-वेब टंग रेल तथा एंटी क्रीप उपकरण, जो पीएससी स्लीपरों पर पंखे के आकार के लेआउट के 1 इन 8.5, बीजी 60 किग्रा टर्नआउट के लिए सभी फीटिंगों अर्थात् सब असेम्बली सं. टी-9775 अल्ट-3 के अनुसार स्विच पोर्सन के लिए सभी फीटिंग, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीखः 27.04.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (15) 12261030, आरडीएसओ आरेख सं. टी-5919 के अनुसार इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V के निर्माण एवं आपूर्ति का चालू अनुबंध, रु. 50,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीखः 21.04.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (16) 12261019, आरडीएसओ आरेख सं. (टी-4220, अल्ट-9) के अनुसार रेल 60 किग्रा यूआईसी/60ई1 के लिए उपयुक्त बीजी हेतु 1 इन 12 सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 16,07,160/-। **निविदा खुलने की तारीखः 12.05.2026, समयः अपराह्न 1.30 बजेः** (17) 12261049, आरडीएसओ आरेख सं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर में प्रयोग करने के लिए 100 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रुव्ड रबड़ सोल प्लेटों (सीजीआरएसपी) का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 20,00,000/-। (18) 1226-डीआर_स्विच-5836, आरडीएसओ आरेख सं. (टी-5836 अल्ट-3) के अनुसार पीएससी स्लीपर पर 1 इन 8.5 पंखे के आकार के लेआउटों के लिए बीजी, 52 किग्रा रेलों के लिए उपयुक्त 6400 मिमी ओवरराइडिंग डिरेलिंग स्विच (आरएच) की स्थापना एवं आपूर्ति, रु. 3,37,860/-। **निविदा की कीमतः** सभी के लिए रु. 0/-। (बी) **निविदा सं.:** 52257780ए. **संक्षिप्त विवरणः** केबीआईपीएल के लिए संशोधित जंक्शन बॉक्सों एवं कनेक्टर के साथ संशोधित वायरिंग की रेट्रोफिटमेंट। **निविदा बंद होने की तारीखः** 18.05.2026. **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 64,01,500/-। **संशोधनः** निम्नलिखित निविदाः 11265007ए नियत तारीख 04.05.2026 के लिए जारी किए गए संशोधन हेतु कृपया www.ireps.gov.in देखें। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-05/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**गोमतीनगर-कोलकाता-गोमतीनगर स्पेशल ट्रेन किऊल स्टेशन पर रुकेगी**
05064/05063 **गोमतीनगर-कोलकाता-गोमतीनगर स्पेशल ट्रेन** के आवागमन के संबंध में जारी पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि ये ट्रेनें मार्ग में पूर्व अधिसूचित ठहरावों के अलावा **किऊल** स्टेशन पर भी रुकेंगी। **किऊल स्टेशन पर समयसूचीः 05064 गोमतीनगर-कोलकाता स्पेशलः किऊलः** आगमन 03.30 बजे और प्रस्थान 03.32 बजे। **05063 कोलकाता-गोमतीनगर स्पेशलः किऊलः** आगमन 00.48 बजे और प्रस्थान 00.50 बजे। अन्य सभी सूचनाएं अपरिवर्तित रहेंगी।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आसनसोल स्टेशन में दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की संशोधित समयसूची**
03302/03301 नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो-दुर्गापुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो स्पेशल और 09079/09080 वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल ट्रेनों के आवागमन के संबंध में जारी पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि आसनसोल स्टेशन पर इन ट्रेनों के समयसूची में निम्नानुसार संशोधन किया गया है:
- **03302 नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो-दुर्गापुर स्पेशल ट्रेन:** आसनसोल में संशोधित समयसूची - आगमन: 23.00, प्रस्थान: 23.10
- **03301 दुर्गापुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो स्पेशल ट्रेन:** आसनसोल में संशोधित समयसूची - आगमन: 03.05, प्रस्थान: 03.15
- **09079 वलसाड-दुर्गापुर स्पेशल ट्रेन:** आसनसोल में संशोधित समयसूची - आगमन: 01.55, प्रस्थान: 02.05
- **09080 दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन:** आसनसोल में संशोधित समयसूची - आगमन: 07.40, प्रस्थान: 07.50

अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**

**स्पेशल ट्रेनें**
**वलसाड और दुर्गापुर, उधना और दुर्गापुर, साबरमती और दुर्गापुर एवं खातीपुरा और हावड़ा के बीच**
ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **वलसाड और दुर्गापुर, उधना और दुर्गापुर, साबरमती और दुर्गापुर एवं खातीपुरा और हावड़ा स्टेशनों** के बीच निम्नलिखित स्पेशल ट्रेनें निम्नवर्णित संक्षिप्त समयसूची, चलने के दिनों, ठहराव और गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:

**09143 / 09144 वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन**

| वलसाड-दुर्गापुर | | | (09143) (09144) | दुर्गापुर-वलसाड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 12.50 | ↓ वलसाड | 17.30 | – | मंगल |
| | 19.30 | 19.35 | भुसावल जंक्शन | 11.00 | 11.05 | |
| रवि | 05.30 | 05.40 | जबलपुर | 01.50 | 02.00 | |
| सोम | 00.10 | 00.20 | धनबाद जंक्शन | 09.30 | 09.40 | सोम |
| | 01.55 | 02.05 | आसनसोल जंक्शन | 07.45 | 07.55 | |
| | 04.20 | – | दुर्गापुर ↑ | – | 07.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में भेस्तान, नंदुरबार, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: वलसाड से - 09143** दिनांक 25.04.2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप और **दुर्गापुर से - 09144** दिनांक 27.04.2026 (सोमवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-04, एलएसएलआरडी - 01 और पावर कार - 01 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09701/09702 खातीपुरा-हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन**

| खातीपुरा-हावड़ा | | | (09701) (09702) | हावड़ा-खातीपुरा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बृहस्पति | – | 17.00 | ↓ खातीपुरा | 11.30 | – | रवि |
| | 22.55 | 23.00 | टूण्डला जंक्शन | 01.51 | 01.56 | |
| शुक्र | 16.00 | 16.05 | धनबाद जंक्शन | 06.00 | 06.05 | शनि |
| | 17.00 | 17.05 | आसनसोल जंक्शन | 04.10 | 04.15 | |
| | 19.43 | 19.45 | बर्द्धमान जंक्शन | 01.50 | 01.52 | |
| | 22.15 | – | हावड़ा ↑ | – | 00.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में दौसा जंक्शन, बाँदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, हजारीबाग़ रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, दुर्गापुर और बैण्डेल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: खातीपुरा से - 09701** दिनांक 23.04.2026 (बृहस्पतिवार) को = 01 ट्रिप और **हावड़ा से - 09702** दिनांक 25.04.2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 2-टियर - 02, एसी 3-टियर - 07, शयनयान श्रेणी - 05, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 और एसएलआरडी - 02 = 20 कोच। **कैटेगरी :** मेल/एक्सप्रेस।

**09175/09176 उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन**

| उधना-दुर्गापुर | | | (09175) (09176) | दुर्गापुर-उधना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 08.35 | ↓ उधना | 13.30 | – | बुध |
| सोम | 13.30 | 13.35 | भुसावल जंक्शन | 08.00 | 08.05 | बृहस्पति |
| सोम | 18.00 | 18.10 | धनबाद जंक्शन | 02.30 | 02.40 | मंगल |
| मंगल | 19.30 | 19.40 | आसनसोल | 00.40 | 00.50 | बुध |
| | 20.50 | – | दुर्गापुर ↑ | – | 23.50 | सोम, मंगल |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नंदुरबार, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: उधना से - 09175** दिनांक 26.04.2026 (रविवार) और 27.04.2026 (सोमवार) को = 02 ट्रिप और **दुर्गापुर से - 09176** दिनांक 27.04.2026 (सोमवार) और 28.04.2026 (मंगलवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** चेयर कार- 05, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 10, एलएसएलआरडी - 01 और पावर कार - 01=17 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09413/09414 साबरमती-दुर्गापुर-साबरमती स्पेशल ट्रेन**

| साबरमती-दुर्गापुर | | | (09413) (09414) | दुर्गापुर-साबरमती | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शुक्र | – | 18.25 | ↓ साबरमती | 03.00 | – | मंगल |
| शनि | 04.40 | 04.50 | जयपुर जंक्शन | 14.50 | 15.00 | सोम |
| रवि | 02.05 | 02.10 | गया जंक्शन | 18.30 | 18.40 | रवि |
| | 05.50 | 06.00 | धनबाद जंक्शन | 14.15 | 14.25 | |
| | 08.00 | 08.10 | आसनसोल जंक्शन | 12.55 | 13.05 | |
| | 09.15 | – | दुर्गापुर ↑ | – | 12.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में महेसाणा जंक्शन, पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, अजमेर जंक्शन, बाँदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: साबरमती से - 09413** दिनांक 24.04.2026 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप और **दुर्गापुर से - 09414** दिनांक 26.04.2026 (रविवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-12, शयनयान श्रेणी-08, एलएसएलआरडी - 01 और पावर कार - 01 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### सीमा राजभर बनी सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) ने मंगलवार को सीमा राजभर उर्फ भावना को अपनी महिला सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। सपा की महिला सभा की निवर्तमान अध्यक्ष जूही सिंह ने आज पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के संवाददाता सम्मेलन के दौरान राजभर की नियुक्ति का ऐलान किया। सिंह ने कहा कि राजभर और पार्टी की सभी महिलाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सपा की ही सरकार बने और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हों।

### ट्रक से 52 लाख रुपये का गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

**भदोही (उप्र):** पुलिस ने यहां एक ट्रक से 52 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त करके तीन कथित मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने मंगलवार शाम को बताया कि जिला पुलिस के विशेष अभियान समूह और पुलिस की टीम ने गोपीगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर निरीक्षण के दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें से छह बोरी में रखा 103 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 52 लाख रुपये होने का अनुमान है। अग्रवाल के मुताबिक पुलिस ने ट्रक पर सवार तीन व्यक्तियों हरविंदर सिंह यादव, मोहित पराशर और नीलेश लोधी को गिरफ्तार करके उनसे पूछताछ की।

### झारखंड के रांची में भूमि कारोबारी की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में मंगलवार को वित्तीय विवाद को लेकर एक भूमि कारोबारी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब आठ बजे पांडर चौकी क्षेत्र में ओटीसी मैदान के पास उस समय हुई, जब भूमि कारोबारी मंदिर से लौट रहा था। रांची (शहर) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पारस राणा ने बताया, भूमि कारोबारी भार्गव सिंह एक निर्माण कंपनी चलाते थे। 20 लाख रुपये के विवाद को लेकर उन पर गोली चलाई गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। राणा ने बताया कि सिंह की मौत से पहले उनका बयान दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने आरोपी की पहचान की थी।

## जेईई-मेन 2026 में पहले स्थान पर रहे कबीर छिल्लर ने कहा, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई को दें प्राथमिकता

**कोटा:** शीर्ष स्थान हासिल करने वालों के बारे में एक मिथक यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिन में 15 घंटे पढ़ते हैं, जबकि अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक मात्रा में पढ़ने की बजाय गुणवत्तापूर्ण अध्ययन को प्राथमिकता देने की जरूरत है। वर्ष 2026 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मेन(जेईई-मेन) में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले कबीर छिल्लर ने यह बात कही। छिल्लर ने जेईई-मेन में पूरे के पूरे 300 अंक हासिल किये थे। गुरुग्राम के मूल निवासी छिल्लर के पिता भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्र रह चुके हैं। छिल्लर का लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है। वह आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक करने के बाद अमेरिका के मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। पढ़ाई के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे



में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''स्वाध्याय के दौरान मैं सीखने की गुणवत्ता को मात्रा से अधिक प्राथमिकता देता हूं।' जेईई-मेन-2026 के सत्र-दो के परिणाम सोमवार देर शाम राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित किए गए। छिल्लर के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा के बाद उन्होंने आत्म-विश्लेषण किया और उन विशिष्ट क्षेत्रों पर गहनता से ध्यान केंद्रित किया जहां उन्होंने अपनी कमियों को पहचाना। उन्होंने कहा कि नियमित मॉक टेस्ट देने के साथ-साथ प्रत्येक प्रश्न पत्र का गहन विश्लेषण करने से उनकी सटीकता और समय प्रबंधन दोनों में लगातार सुधार हुआ। छिल्लर ने कहा, स्पष्ट वैचारिक समझ सर्वोपरि है। रटने के बजाय, मेरी सबसे बड़ी ताकत हर विषय को गहराई से समझने और उस ज्ञान को लागू करने की मेरी क्षमता रही है।' छिल्लर ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई को छोटे-छोटे, सुलभ लक्ष्यों में बाँटा, संक्षिप्त नोट्स बनाए और नियमित पुनरावलोकन को अपनी आदत बना लिया। मानसिक रूप से तरोताज़ा रहने के लिए छिल्लर अपने दोस्तों के साथ समय बिताते थे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मेन) भारत भर के कॉलेजों में इंजीनियरिंग, वास्तुकला और विभिन्न तकनीकी स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक परीक्षा है। कबीर छिल्लर कोटा के एलन करियर इंस्टीट्यूट के उन चार छात्रों में शामिल हैं जिन्होंने शीर्ष 10 के तहत 5वीं, छठी और आठवीं रैंक हासिल की है। एलन करियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि संस्थान के कुल 39 छात्र शीर्ष 100 में शामिल थे। कोचिंग संस्थान के हैदराबाद केंद्र में पढ़ने वाले ऋषि प्रेमनाथ ने भी आठवीं रैंक हासिल की है।

### सम्राट चौधरी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**पटना:** बिहार का मुख्यमंत्री बनने के छह दिन बाद सम्राट चौधरी मंगलवार को दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह जानकारी सूत्रों ने दी। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री से यह उनकी पहली मुलाकात थी। सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच बिहार के विकास और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ''राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण के विषय पर मार्गदर्शन मिला। प्रधानमंत्री जी का स्नेह और सहयोग बिहार की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा।'' इससे पहले उन्होंने दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी भाजपा (मुख्यालय) में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच बिहार की राजनीति और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। यह पहला अवसर है जब बिहार में भाजपा का कोई नेता मुख्यमंत्री बना है। सम्राट चौधरी ने गत 15 अप्रैल को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## न्यूज अपडेट

### बिहार: संसद में महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे पप्पू यादव, महिला आयोग ने भेजा नोटिस



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के मुद्दे को लेकर महिलाओं पर विवादित टिप्पणी करने के लिए पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव की मंगलवार को आलोचना की। वहीं बिहार राज्य महिला आयोग ने यादव को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है कि क्यों ना उनकी अयोग्यता की सिफारिश करते हुए लोकसभा अध्यक्ष से संपर्क किया जाए। यादव की महिलाओं को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, 'चौंकाने वाला बयान! जब देश नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में जुटा है, तब देखिए कांग्रेस समर्थित सांसद क्या कह रहे हैं।' सत्तारूढ़ दल के एक अन्य नेता तुहिन सिन्हा ने पोस्ट में यादव के बयान को ''घृणित और शर्मनाक' बताया। उन्होंने कहा, 'पप्पू यादव स्वनिर्मित महिला नेताओं का अपमान कर रहे हैं। क्या प्रियंका गांधी वाड्रा इस आपत्तिजनक महिला-विरोधी नेता को बाहर करेंगी या उनके विचारों का समर्थन करती हैं? घृणित लोग।' आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा, 'हमने पूर्णिया सांसद द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया है। उनके जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है।' पप्पू यादव ने सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह और 18वीं सदी के समाज सुधारक राजा राममोहन राय का भी उल्लेख किया, जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने पूछा कि कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा के लिए कौन जिम्मेदार है। यादव ने कहा, 'महिलाओं पर गिद्ध जैसी नजर किसकी है...? यह नेताओं की है। किसी नेता के कमरे से गुजरे बिना 90 प्रतिशत महिलाएं राजनीति नहीं कर सकतीं। नेताओं के रोज के सीसीटीवी फुटेज में यह देखा जा सकता है। यह एक संस्कृति बन चुकी है।'

### विद्यार्थी नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनें: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**मेरठ:** उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डिग्री प्राप्त करना जीवन का अंत नहीं बल्कि यह एक नई शुरुआत है। समारोह में वर्ष 2024 और 2025 बैच के लगभग 3940 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की गईं। एक बयान के मुताबिक, 203 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 29 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। उपराष्ट्रपति ने 17 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही, स्वामी कैलाशानंद गिरी, स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉ. हरी सिंह रावत को मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी गई। राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से शिक्षा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सभी विद्यार्थियों को नौकरी देने वाला बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। सफलता के लिए कठिन परिश्रम और समर्पण जरूरी है। समारोह में उत्तर प्रदेश के मंत्री धर्मपाल सिंह ने भी शिक्षा और परिश्रम पर बल दिया।



### शिक्षकों को स्थानांतरण व पदस्थापन की उचित सुविधा मिले, विद्यालयों में अच्छी पढ़ाई हो: चौधरी

**पटना:** बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार का मुख्य लक्ष्य है, साथ ही शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता में है। चौधरी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जो भी नीतियां, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाते हैं, उनका अंतिम उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से संतुलित और संतुष्ट शिक्षक ही बेहतर ढंग से शिक्षण कार्य कर सकते हैं और सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा विद्यालयों में निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन से संबंधित सॉफ्टवेयर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर उतरे लड़ाकू विमान, 22 अप्रैल को होगा वायुसेना का युद्धाभ्यास



**सुलतानपुर (उप्र):** सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर वायुसेना के युद्धाभ्यास की तैयारियों के तहत मंगलवार दोपहर लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनायी दी। इस दौरान आठ लड़ाकू विमान पूर्वाभ्यास के लिए हवाई पट्टी पर उतरे। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के परियोजना प्रबंधक इमरान ने बताया कि बुधवार को होने वाले वायुसेना के युद्धाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पिछले कई दिनों से की जा रही तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पूर्वाभ्यास के लिए अपराह्न लगभग डेढ़ बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे स्थित अरवल कीरी करवत गांव के पास बनी हवाई पट्टी पर भारतीय वायुसेना के आठ लड़ाकू विमान उतरे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को इस हवाई पट्टी पर अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे तक और शाम छह बजे से रात नौ बजे तक युद्धाभ्यास और विशेष अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इमरान ने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रकार के आधुनिक लड़ाकू विमान उड़ान भरेंगे और उतरेंगे। उन्होंने बताया कि इस युद्धाभ्यास में सुखोई, मिराज, तेजस और जगुआर जैसे विमान करतब दिखाएगे। यूपीडा के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि आज सुलतानपुर जिले के जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी हवाई पट्टी पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास के दौरान विमानों ने हवाई पट्टी पर कई बार उड़ान भरी और इस दौरान सुरक्षा के लिए आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्थानीय लोगों को हवाई पट्टी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। युद्धाभ्यास की इस तैयारी और लड़ाकू विमानों के करतब ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए खासे कौतूहल का विषय रहे और विमानों की झलक के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि 22 अप्रैल को होने वाला यह कार्यक्रम न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे क्षेत्र की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।

## रांची में श्रमिकों ने बकाया वेतन भुगतान में देरी को लेकर प्रदर्शन किया

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची में वस्त्र निर्यात करने वाली एक कंपनी के एक हजार से अधिक श्रमिकों ने मंगलवार को वेतन भुगतान में देरी को लेकर फैक्टरी के द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर महिला श्रमिक शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन के कारण खेलगांव-टाटीसिलवे मार्ग पर करीब चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। 'ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के मानव संसाधन प्रबंधक (एचआर मैनेजर) रवि भूषण ने यह स्वीकार किया कि वेतन बकाया है और कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण कपड़ों के निर्यात में भारी कमी आई है। प्रदर्शनकारियों में शामिल एक महिला श्रमिक, ज्योति देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें फरवरी और मार्च महीने का वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा, अप्रैल में मुझे दो



किस्तों में केवल 1,500 रुपये मिले, जबकि कंपनी में हमारा वेतन तय है। जब हमने भुगतान के संबंध में प्रबंधन से संपर्क किया, तो उन्होंने केवल आश्वासन दिया लेकिन वास्तव में वह कुछ नहीं कर रहे हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले की एक अन्य श्रमिक कोमल कुमारी ने कहा कि वह पिछले दो महीनों से बिना वेतन के काम कर रही है और अब उसके लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं, 2018 से उत्पादन विभाग में ऑपरेटर के रूप में कार्यरत सोनी देवी ने बताया कि पिछले तीन महीनों से वेतन में हो रही देरी की वजह से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमारे घर के खर्च बढ़ रहे हैं और बच्चों की ट्यूशन फीस का भुगतान करने में देरी हो रही है।

### किन्नर ने 'नेग' से कमाये 85 लाख रुपयों से बनवाया शिव मंदिर

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर में एक बुजुर्ग किन्नर ने भक्ति और समाज सेवा की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए मांगलिक अवसरों पर मिलने वाले 'नेग' के जरिए कमाये गए 85 लाख रुपयों से पडरी बाजार में एक शिव मंदिर का निर्माण कराया है। किन्नर गुरु प्रेमा ने कहा कि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 24 अप्रैल को होगी, जिसकी तैयारियां जारी हैं और इसे लेकर स्थानीय लोग भी उत्साहित हैं। इस भव्य मंदिर के निर्माण की बात सुनकर आस-पास के इलाकों के लोग पडरी बाजार आ रहे हैं और इस कोशिश की तारीफ़ कर रहे हैं। पिछले लगभग छह दशकों से इस इलाके में रह रही प्रेमा ने कहा कि मंदिर बनवाने के पीछे उनका मकसद लोगों को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने कहा, जब लोग पूजा करते हैं, तो वे नेकी के रास्ते पर चलते हैं। जो लोग सही रास्ते पर चलते हैं, वे एक मजबूत देश बनाने में योगदान देते हैं। प्रेमा ने कहा, मैंने नेग और दूसरे संसाधनों से मिले करीब 85 लाख रुपये के तौर पर अपनी जिंदगी भर की कमाई इस मंदिर के निर्माण के लिए इस्तेमाल की है।

# समाज्ञा मनोरंजन

## बंदर और मगर की मित्रता

नरेंद्र देवांगन

बंदर और मगर दोनों बड़े पुराने मित्र थे पर उनकी मित्रता अधिक नहीं निभ पाई। हुआ यह कि एक दिन मगरनी की नीयत खराब हो गई। उसने सोचा कि बंदर मीठे मीठे फल खाता है, इसलिए उसका कलेजा भी मीठा होगा। मगरनी की जिद पर मगर बंदर को धोखा दे कर अपनी पीठ पर बैठा ले गया।

लेकिन बंदर भी कम चालाक नहीं था। वह उसकी चालाकी समझ गया।

बोला, 'मगर भाई, भाभी मेरा कलेजा खाना चाहती है पर वह तो पेड़ पर ही रह गया। चलो तो ले आएं।'

मगर उसकी बातों में आ गया और उसको वापस ले आया। किनारे पर आते ही बंदर उछल कर पेड़ पर चढ़ गया। मगर मुंह देखता रह गया।

धीरे-धीरे यह बात सारे जंगल में फैल गई कि मगर ने मित्र हो कर बंदर की हत्या का प्रयत्न किया। सभी सुन कर बड़े दुखी हुए। बंदर को स्वयं बड़ा आश्चर्य हुआ। वह किसी को मुंह दिखाने योग्य नहीं था क्योंकि वह मगर की बड़ी प्रशंसा किया करता था और किसी के मुंह से उसकी बुराई नहीं सुनता था।

जब अन्य जानवर बंदर को चेतावनी देते थे तो वह उन्हें फटकार देता था।

जानवर उसे कहते थे, 'तुम ठहरे पेड़ों पर रहने वाले। वह पानी में रहता है। तुम्हारी और उसकी दोस्ती की क्या तुक?'

पर वह किसी कि एक न सुनता था। अब जानवरों की बात सत्य हो गई थी। इसलिए वह अंदर ही अंदर बहुत दुखी था।

अब बंदर के परिवार के सभी सदस्य मगर पर दांत किटकिटा रहे थे। वे मगर को कच्चा चबा जाना चाहते थे।

उसका बड़ा भाई हैवीवेट चैंपियन बब्बर तो आगबबूला हो गया था। उसे इतना गुस्सा आया कि उसने कूद कूद कर पेड़ की कई डालियां तोड़ डालीं।

मस्त कलंदर हाथी भला क्यों पीछे रहता? वह बोला, 'अरे, मैंने तो पहले ही कहा था कि इस बदमाश मगर को मार डालो पर मेरी कोई सुने भी। इस मगर के बच्चे ने एक बार मेरा भी पैर पकड़ लिया था। तब इसने माफी मांग ली थी। मैंने भी उसे बंदर का दोस्त समझ कर छोड़ दिया था, नहीं तो मजा चखा देता।

चीलों और कौओं ने भी मगर की शिकायतें प्रस्तुत कीं। वनमानुषों का एक बड़ा गिरोह पूरी तैयारी के साथ मैदान में आ डटा। जंगल के सारे जानवर मगर से बदला लेने को तैयार हो गए।



लेकिन यह देख कर सब हैरान थे कि बंदर मगर के लिए एक भी शब्द नहीं कह रहा था।

एक वृद्ध वनमानुष ने बंदर से कहा, 'लगता है, तुम बहुत डर गए हो। हम तो तुम्हें पहले ही कहा करते थे कि मगर की जाति का कोई भरोसा नहीं पर तुम मानते ही नहीं थे। अब हम उसे मार डालेंगे।'

'नाना, मैं डर के मारे चुप नहीं हूं। आप गलत समझ रहे हैं।'

'फिर चुप क्यों हो? बताओ तो, 'नाना' वनमानुष ने पूछा।'

'बात यह है, नाना कि मगर मेरा पक्का मित्र था और है। उस समय वह अपनी पत्नी की जिद के आगे मजबूर था, इसी कारण उसने ऐसा किया। फिर, हमें जैसे के साथ तैसा नहीं होना चाहिए वरना उसमें और हम में अंतर ही क्या रहेगा? दोस्ती उसने तोड़ी है, मैंने नहीं। मैं तो अभी भी उसे दोस्त समझता हूं। कभी उसे स्वयं अपने किए पर पछतावा होगा।'

'वाह, महात्माजी, धन्य हो,' हैवीवेट चैंपियन बब्बर ने व्यंग्य से कहा और वह उछल कूद मचाने लगा।

'अरे, हम उसे मजा चखा कर छोड़ेंगे। सुन ले कान खोल कर। बड़ा आया दोस्त की दुम। हूं......'गैंडे ने अपना नथुना हिलाया।

'उसके सारे पानी में जहर घोल देना चाहिए ताकि वह अंदर ही मर जाए,' लकड़बग्घे ने सुझाव दिया।

'और जहर से पानी में सभी जीव जंतु मुफ्त में मारे जाएं। क्या कहने आप की अक्ल के। आप तो बिना बोले ही शोभा देते हो,' बंदर ने लकड़बग्घे को घुड़की दिखाई।

'मैं तो तुम्हारे ही हित के लिए कहता हूं नहीं तो मुझे क्या पड़ी है? तुम जानो और मगर जाने,' लकड़बग्घा बोला।

बंदर अभी भी मगर का पक्ष ले रहा था। वह नहीं चाहता था कि कोई मगर को कुछ कहे। वह सब को छोड़ कर पेड़ पर चढ़ गया।

सभी इस निश्चय पर पहुंचे कि बंदर का दिमाग खराब हो गया है और उसके ये आदर्श कभी उस की मौत का कारण बनेंगे। उसकी भविष्य में कोई मदद नहीं करनी चाहिए। सभी जानवर अपने अपने घरों को लौट गए।

इसी तरह कई महीने गुजर गए। न मगर माफी मांगने आया और न बंदर उसे समझाने गया।

एक दिन भयंकर आंधी तूफान और भूकंप आया। उस समय मगर पानी के तल में विश्राम कर रहा था। एक टीला हिला और एक चट्टान पानी में गिर पड़ी।

किसी प्रकार मगर बच कर निकल आया और ऊपर आ कर चिल्लाया, 'बचाओ, बचाओ, मेरे बच्चे मर जाएंगे।'

शोर सुन कर सब जानवर एकत्र हो गए पर उसकी मदद के लिए कोई नहीं गया।

यह बंदर से नहीं देखा गया। वह मगर की मदद के लिए दौड़ पड़ा।

अब गैंडा और हाथी भी उसकी मदद के लिए पहुंच गए। बड़ी कठिनाई के बाद मगरनी और उसके बच्चों को बाहर निकाला गया और उनकी मरहम पट्टी की गई।

मगर इस उपकार के लिए बंदर के चरणों में पड़ गया। आज उसे अपने किए पर बड़ा पछतावा हो रहा था और रह रह कर वो अपनी पत्नी को कोस रहा था। (उर्वशी)

## नानाजी का उपहार

सुबह की गाड़ी से जौनी के नानाजी आने वाले थे। जौनी अपने पापा के साथ नानाजी को लेने स्टेशन गया। गाड़ी ठीक समय पर आ पहुंची। जौनी और उस के पापा, नानाजी को ढूंढने लगे। तभी जौनी को दूर फर्स्ट क्लास के डब्बे के दरवाजे पर नानाजी खड़े दिखाई दिए।




नानाजी, नानाजी, चिल्लाता हुआ जौनी डब्बे के पास दौड़ा दौड़ा गया।

नानाजी उसे देख कर हंसते हुए डब्बे से उतरे। उस ने उत्सुकता से नानाजी के हाथों की तरफ देखा। उन के बाएं हाथ में एक बैग था और दाहिने हाथ में एक छड़ी। इस से पहले जब वह 4 बार आए थे, तब उन के दाहिने हाथ में उस के लिए उपहारों का पैकेट था।

शायद नानाजी उपहार गाड़ी में भूल आए हैं, यह सोच कर उस ने पूछा, 'नानाजी, आप का और सामान कहां है?

और सामान? मेरे पास तो सिर्फ यही सामान है, बैग और छड़ी, नानाजी ने हंस कर कहा।

जौनी का मुंह उतर गया। तब तक उस के पापा भी वहां आ पहुंचे। तीनों टैक्सी में सवार हो गए। सारे रास्ते जौनी अपने को धीरज बंधाता रहा, 'शायद नानाजी उपहार बैग में रखकर लाए होंगे और घर पहुंचते ही दे देंगे। उस के नानाजी खाली हाथ आएं, यह कैसे हो सकता है।

लेकिन नानाजी तो घर आने के बाद भी चुप रहे। जौनी रह रह कर नानाजी के इस अनोखे बरताव पर सोचता रहा, 'आज तक नानाजी उस के लिए कुछ न कुछ उपहार लाते रहे। फिर इस बार क्या हुआ?

वह नानाजी के पास जा कर बोला, 'अब मैं अच्छा बच्चा बन गया हूं। आप को यहां से गए 5 महीने हो गए हैं न। मैं सिरदर्द का बहाना कर के घर में कभी नहीं बैठा हूं। रोज स्कूल जाता हूं।

'शाबाश' नानाजी ने हंस कर कहा।

'फिर आप मुझ से गुस्सा क्यों हैं?'

'यह तो 'उलटा चोर कोतवाल को डांटे' वाली बात हुई। गुस्सा तो मुझ से तुम हो और पूछ रहे हो कि मैं क्यों गुस्सा हूं? सुबह टैक्सी में तुम चुप क्यों थे?'

जौनी की समझ में न आया कि अब क्या कहे। वह सोचने लगा, 'अगर नानाजी उस से गुस्सा नहीं हैं तो उपहार जरूर लाए होंगे। क्यों न उन से पूछ लिया जाए।

उस ने धीरे से उन के पास जाकर कहा, 'नानाजी'

'कहो कहो, क्या बात है?

तभी मम्मी कमरे में आ गई। जौनी को चुप होना पड़ा क्योंकि उन्होंने कह रखा था कि किसी से उपहार मांगना बुरी बात है।

नानाजी के आने की खुशी में मम्मी ने खीर बनाई थी। खाना खा कर जौनी नानाजी के कमरे में आ गया। वह उन के आने से पहले ही बैग खोल कर देखना चाहता था कि उस के लिए खिलौने बैग में हैं या नहीं।

वह बैग को उठा कर देखने ही लगा था कि नानाजी कमरे में आ गए और बोले, 'अच्छा, तो नन्हे पहलवान की ताकत की परीक्षा हो रही है। उठाओ उठाओ, जरा हम भी देखें, तुम बैग कितना ऊपर उठा सकते हो?

जौनी ने बैग को सिर की ऊंचाई तक उठा कर कहा ''यह देखो नानाजी, हलका लग रहा है। क्या यह खाली है?''

नानाजी हंसे, 'हां, एक धोती और एक कुर्त्ता ही तो है इस में।'

जौनी रोआंसा हो गया।

शाम को नानाजी उसे पार्क ले गए। वहां उस के बहुत से दोस्त भी आए हुए थे। मैची उसे देखते ही दौड़ी आई। दोनों एक झूले पर बैठ गए। मैची जौनी के नानाजी को पहचानती थी और यह भी जानती थी कि वह इस बार जौनी के लिए बंदूक और हवाई जहाज लाने वाले हैं।

उस ने पूछा, 'क्यों जौनी, कैसी है तुम्हारी बंदूक?

'बंदूक वंदूक कुछ नहीं लाए, नानाजी' जौनी ने कहा 'शायद भूल गए हैं।'

'तुम ने पूछा नहीं कि क्यों नहीं लाए?

नहीं, किसी से उपहार मांगना ठीक है क्या?

नानाजी एक पेड़ की ओट से सारी बातें सुन रहे थे। कुछ देर बाद जौनी और उस के नानाजी घर आ गए।

जौनी सोने चला गया। उस की समझ में नहीं आ रहा था कि नानाजी एकदम भुलक्कड़ कैसे हो गए।

सुबह जौनी उठा तो बहुत उदास था। नानाजी आंगन में बैठे थे। वह उन्हें 'बायबाय' कर के स्कूल जाने ही वाला था कि नानाजी ने पुकार कर कहा, 'जौनी, अलमारी में एक बड़ा पैकेट रखा है। जाओ, उसे ले आओ।

जौनी दौड़ादौड़ा अलमारी से पैकेट निकाल लाया। वह बहुत खुश हो रहा था लेकिन उसे संदेह भी हो रहा था कि शायद पैकेट में कुछ और ही न हो।

नानाजी ने कहा, 'पैकेट खोलो।

जौनी ने जब पैकेट खोला तो उस की खुशी का ठिकाना न रहा। पैकेट में पीले और लाल रंग का छोटा सा हवाई जहाज और एक बंदूक थी।

यह कैसे हो सकता था, 'नानाजी ठठा कर हंस पड़े, 'मैं तो मेरी परीक्षा ले रहा था।

'कौन सी परीक्षा?

'तेरे सब्र और शिष्टाचार की। मैं देखना चाहता था कि उपहार न देने पर तुम गंवार बच्चों की तरह फटे मुंह उपहार तो नहीं मांगते।

'तो क्या मैं परीक्षा में पास हूं।'

'हां, इस के लिए मैं तुम्हें एक और उपहार दूंगा।'

'लेकिन नानाजी, क्या आप को मालूम है कि आप की इस परीक्षा के कारण मैंने कल का दिन कितनी बेचैनी से काटा?'

'हां, मालूम है। मैं तेरी हरेक हरकत गौर से देख रहा था।

फिर नानाजी ने हवाई जहाज में चाबी भरी। हवाई जहाज ऊपर हवा में उड़ कर वापस जमीन पर उतर आया।

'यह रहा डबल उपहार, 'नानाजी ने कहा। जौनी ने खुशी से ताली बजा दी। (उर्वशी)

# पहलगाम हमले के पीड़ितों के सम्मान में बनाया गया स्मारक

## पहली बरसी से पहले कड़ी सुरक्षा

**पहलगाम (जम्मू कश्मीर) :** पहलगाम में पिछले साल हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक स्मारक बनाया गया। वहीं, अधिकारियों ने घटना की पहली बरसी से पहले पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी है। लिद्दर नदी के किनारे काले संगमरमर से निर्मित एक स्मारक बनाया गया है, जिस पर 26 मृतकों के नाम अंकित हैं, जो बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले की याद दिलाता है। एक साल बाद, यह घाटी बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। कुछ आगंतुकों ने सुरक्षा व्यवस्था और स्थानीय लोगों के आतिथ्य सत्कार की बहुत प्रशंसा की। नवजोत सरकार नाम के एक पर्यटक ने



'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''जो होना था वह हो चुका है। लेकिन अगर हम अब इस जगह की यात्रा न करने का फैसला करते हैं, तो यह गलत होगा। भारत में लगभग हर घर के लोग कश्मीर जाने का सपना देखते हैं... मैं असम से हूं - हम भी कश्मीर की यात्रा करना चाहते थे।'' नवजोत, देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आए पर्यटकों के साथ, वर्तमान में पहलगाम के एक रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं, जो इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर पर्यटकों की निरंतर वापसी को दर्शाता है। पिछले साल हुए हमले के बावजूद, पर्यटकों का आना जारी है, जिनमें से कई मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्र के आतिथ्य सत्कार पर भरोसा जता रहे हैं। पंजाब से आये पर्यटक अंकुर माहेश्वरी ने कहा, ''हमें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई - हमारे पूरे प्रवास के दौरान कभी कोई परेशानी या असुविधा नहीं हुई।

### एक साल बाद भी परिवारों की पीड़ा बरकरार

**कर्नाटक :** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर गोलीबारी की घटना के एक साल बाद मंजुनाथ राव के परिवार का कहना है कि जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश के बावजूद, उस घटना का दर्द उनके मन में आज भी ताजा है। उनके चचेरे भाई रवि किरण ने यह बात कही। बाईस अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों में दो कर्नाटक के नागरिक भी शामिल थे, और उनके परिवारों के लिए उस घटना की खौफनाक यादें आज भी ताजा हैं। शिवमोगा के रहने वाले 47 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी मंजुनाथ राव भी पीड़ितों में से एक थे। उनकी पत्नी पल्लवी और बेटे के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिवार के सदस्यों के अनुसार, राव अपनी पत्नी और बेटे के साथ कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के तहत पहलगाम गए थे और उन्हें 24 अप्रैल को वापस लौटना था। किरण ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया, ''वे कुछ भी नहीं भूल सकते। यह उनके मन में बसा हुआ है। लेकिन जिंदगी तो चलती रहती है उनके पास इसके अलावा कोई चारा नहीं है कि वे इस दर्द को सह लें। उनकी पत्नी इस बारे में बात करने को तैयार नहीं हैं... कहने के लिए क्या बचा है? जिंदगी तो चलती ही रहती है।''

# टीसीएस मामला : मुख्य आरोपी ने जमानत अर्जी दाखिल की

## शिकायत को 'एकतरफा भावनाओं' का नतीजा बताया

**नासिक :** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के नासिक कार्यालय में कुछ महिला कर्मचारियों के कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामले के मुख्य आरोपी दानिश शेख ने मंगलवार को सत्र अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की। दानिश (31) ने अपनी अर्जी में दलील दी कि यह शिकायत उसके पीड़िता की एकतरफा भावनाओं को तवज्जो न देने या माता-पिता के दबाव का नतीजा हो सकती है। उसने पीड़िता की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां करने से भी इनकार किया है। दानिश टीसीएस मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों में से एक है। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उसने नासिक सत्र अदालत में अधिवक्ता उमेश वालजादे के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की, जिस पर सुनवाई के लिए दो मई की तारीख तय की गई है। याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता (दानिश) ने कभी किसी धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी नहीं की। ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायतकर्ता के मन में याचिकाकर्ता के प्रति एकतरफा भावनाएं थीं और उसने हताशा या माता-पिता के दबाव में आकर यह शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि दानिश ने टीसीएस में नौकरी दिलाने का वादा करके उसका विश्वास जीता, उसका यौन उत्पीड़न किया और पहले से ही शादीशुदा तथा दो बच्चों का पिता होने के बावजूद उससे शादी करने का भरोसा दिलाया।

### पुलिस बोली-आरोपी निदा खान की 'धर्मांतरण' में भूमिका, तलाश जारी

**नासिक :** महाराष्ट्र पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के नासिक कार्यालय में कई महिला कर्मचारियों के कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामले में आरोपी निदा खान की भूमिका धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने से संबंधित है तथा उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। अधिकारी की यह टिप्पणी निदा के गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण हासिल करने में नाकाम रहने के एक दिन बाद आई है।

### केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई के लिए जनहित याचिका दाखिल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। आरोप हैं कि इन लोगों ने आबकारी नीति मामले से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को अलग करने का अनुरोध करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर अदालत की सुनवाई के वीडियो अपलोड करने के साथ और उसे साझा किया। वकील वैभव सिंह द्वारा दायर यह जनहित याचिका मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

### अदालत ने 2021 के मामले में लॉरेंस बिश्नोई, 19 अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और 19 अन्य लोगों के खिलाफ मकोका प्रावधानों के तहत आरोप तय करने का आदेश देते हुए कहा कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है। इसके साथ ही मुकदमे का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धारा तीन (संगठित अपराध) और चार (संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य की ओर से अघोषित संपत्ति रखना) के तहत बिश्नोई और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया।

### एनआईए अधिनियम की वैधता को चुनौती वाली याचिका पर केंद्र, अन्य से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अधिनियम-2008 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य से मंगलवार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र, एनआईए और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर चार हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने याचिका में उठाए गए सवालों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, नोटिस जारी करें। याचिका में एनआईए अधिनियम को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद-14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन करता है और केंद्र की विधायी क्षमता से परे है।

### सीमा शुल्क विभाग ने ऑस्ट्रिया से तस्करी करके लाई गई नौवीं शताब्दी की मूर्ति को जब्त किया

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के एयर कार्गो कमिश्नरेट ने ऑस्ट्रिया से आयातित एक खेप को जब्त किया, जिसमें नौवीं शताब्दी की एक मूर्ति थी और इसकी पहचान नेपाल से चोरी की गई प्राचीन वस्तु के रूप में की गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ''पद्मपाणि का ग्रे प्रस्तर'' के रूप में घोषित की गई यह खेप ऑस्ट्रिया के विएना से आयात की गई थी।

# पवन खेड़ा के देश से भागने का खतरा नहीं: वकील ने अग्रिम जमानत याचिका पर दलील दी



**गुवाहाटी :** पवन खेड़ा के वकील ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय में दलील दी कि कांग्रेस नेता के देश से भागने का कोई खतरा नहीं है और उन्हें गिरफ्तार करने की कोई जरूरत नहीं है। अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी ने खेड़ा के खिलाफ दायर की थी क्योंकि कांग्रेस नेता ने उनपर आरोप लगाया था उनके पास कई पासपोर्ट हैं। न्यायमूर्ति पार्थिव ज्योति सैकिया की एकल पीठ ने दोनों पक्षों को तीन घंटे से ज़्यादा समय तक सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेड़ा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कांग्रेस नेता के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री शर्मा की टिप्पणी, खासकर राज्य में विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राजनीतिक बदले की भावना की ओर इशारा करती है। सिंघवी ने कहा कि याचिकाकर्ता के देश से भागने का कोई खतरा नहीं है और उनकी गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं है। असम के महाधिवक्ता देवजीत लोन सैकिया ने खेड़ा को कोई भी राहत देने का विरोध करते हुए कहा कि यह कोई साधारण मानहानि का मामला नहीं है, क्योंकि यह मामला दस्तावेजों की जालसाजी से जुड़ा है। सैकिया ने बताया कि मुख्य अपराध धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े हैं।

# गुजरात एटीएस ने आतंकी साजिश के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने दो लोगों को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्तियों को कट्टरपंथी बनाकर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने ''गजवा-ए-हिंद'' (भारत पर विजय) स्थापित करने के उद्देश्य से एक आतंकी नेटवर्क बनाने, आरडीएक्स विस्फोटकों का इस्तेमाल करके देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े नेताओं को निशाना बनाने और अपने मकसद को पूरा करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं की भर्ती की योजना बनाई थी। एजेंसी



ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एटीएस तकनीकी और खुफिया जानकारी के माध्यम से सोशल मीडिया और इंटरनेट पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही है। इस प्रक्रिया के दौरान, पाटन जिले के सिद्धपुर निवासी इरफान कालेखान पठान (22) के बारे में गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई, जो कथित तौर पर चरमपंथी इस्लामी विचारधारा से प्रभावित था। एटीएस अधिकारियों ने पठान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जांच से पता चला कि वह व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईएसआईएस और अन्य कट्टरपंथी व्यक्तियों और समूहों से जुड़े लोगों के संपर्क में था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि पठान जिहादी प्रचार फैलाने और देश भर में समान विचारधारा वाले कट्टरपंथियों का नेटवर्क बनाने की कोशिश में सक्रिय रूप से शामिल था। एटीएस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 (आपराधिक षड्यंत्र) और 148 (सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की और पठान को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान, मुंबई के साकीनाका निवासी मुर्शीद जाहिद अख्तर शेख (21) की संलिप्तता सामने आई।

# किसी भी परिस्थिति में स्ट्रांग रूम को नहीं खोला जाना चाहिए: निर्वाचन आयोग

**तिरुवनंतपुरम :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को केरल के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और चुनाव अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए कि मतगणना से पहले किसी भी परिस्थिति में स्ट्रांग रूम न खोलें जाएं। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने कोझिकोड के पेरामब्रा निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम रखने वाले एक स्ट्रांग रूम के सोमवार को खोले जाने की खबरों और पलक्कड़ के नेनमारा निर्वाचन क्षेत्र में एक और स्ट्रांग रूम खोले जाने की कथित योजनाओं के बाद यह निर्देश जारी किया। केलकर के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया, '' यह लगातार कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में इंडेक्स कार्ड तैयार करने या ईएनसीओआरई पोर्टल में डेटा सत्यापित करने के उद्देश्य से किसी भी स्ट्रांग रूम या बिना सील वाले कमरे को खोला या उसमें प्रवेश नहीं किया जाए।'' बयान में कहा गया है, ''चुनावी प्रक्रिया की अखंडता, पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।'' इस मामले पर एक टीवी चैनल के सवाल का जवाब देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि चुनाव कानूनों और नियमों के अनुसार, किसी को भी स्ट्रांग रूम के पास जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, ''तो फिर सामग्री कक्ष को स्ट्रांग रूम के पास क्यों रखा गया था? इसमें कुछ संदेहजनक है। इस मामले की उचित जांच होनी चाहिए।'' उन्होंने दावा किया, ''कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य और केंद्र सरकारें जनादेश को विफल करने के लिए कदम उठा रही हैं। इन घटनाओं से हमें यही समझ में आया है।''

# खरगे ने 'आतंकवादी' टिप्पणी कर सार्वजनिक आचरण की सभी सीमाएं लांघी: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी दल के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'आतंकवादी' कहकर 'सार्वजनिक आचरण की सभी सीमाएं लांघ' दी है और देश को शर्मिंदा' किया है। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस हर दिन अपने आचरण में नए निचले स्तर पर पहुंच रही है और सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराने में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। उन्होंने कहा, आज (मंगलवार को) कांग्रेस



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने सार्वजनिक आचरण की सभी सीमाओं को लांघ दिया और देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आतंकवादी कहकर देश को शर्मिंदा किया। देश के सर्वोच्च नेता का यह अपमान उन लाखों लोगों का अपमान है जो मोदी जी से प्रेम करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 12 साल में देश में आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने वाले मोदी जैसे नेता को 'आतंकवादी' कहना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा, जब भी कांग्रेस, मोदी जी के खिलाफ अपशब्द कहती है, तो भारत की जनता ही उन्हें जवाब देती है। इस बार भी जनता ही जवाब देगी।

### कार चालक पर हमला करने के आरोप में तृणमूल सांसद यूसुफ पठान के ससुर और दो अन्य गिरफ्तार



**मुंबई :** तृणमूल कांग्रेस सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के ससुर और दो अन्य लोगों को मुंबई में सड़क पर हुई झड़प के दौरान एक व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में पीड़ित को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। यह घटना शनिवार रात मझगांव के हीराबाई परिसर के पास हुई, जब यूसुफ खान नामक एक व्यक्ति की कार एक गड्ढे से गुजरी और सड़क पर जमा पानी के कुछ झींटें पूर्व क्रिकेटर के रिश्तेदार शोएब खान पर पड़े। इसके बाद कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। गुस्से में शोएब खान ने डंडे से कार पर हमला किया। जल्द ही, पूर्व क्रिकेटर के ससुर खालिद खान समेत उनके अन्य रिश्तेदार भी झगड़े में शामिल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खालिद खान तथा दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में यूसुफ खान को कई चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

# लोगों को धार्मिक और भाषाई आधार पर बांटने के प्रयास किए जा रहे हैं: भागवत

**अगरतला :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को आरोप लगाया कि लोगों को धार्मिक और भाषाई आधार पर विभाजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति इसकी 'विविधता में एकता' में निहित है। अगरतला से लगभग 23 किलोमीटर दूर फकरीमुरा में मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर में अभिषेक समारोह के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि कुछ 'बुरी ताकतें' इस बात से चिंतित हैं कि यदि भारत अपनी सदियों पुरानी सभ्यतागत शक्ति के बल पर प्रगति करेगा तो उनकी 'दुकानें' बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा, ''वे धर्मों और



भाषाओं के आधार पर लोगों के बीच कलह पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे उदाहरण देने की आवश्यकता नहीं है।'' त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी, तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और मुख्यमंत्री माणिक साहा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि विविधता लंबे समय से भारत की पहचान रही है और कहा कि अनेक भाषाओं, धर्मों, परंपराओं और संस्कृतियों के बावजूद देश ने सदियों से प्रगति की है। उन्होंने कहा, ''जिन देशों का इतिहास 4,000 या 5,000 वर्ष से अधिक पुराना नहीं है, उनमें एक धर्म और एक भाषा हो सकती है, लेकिन भारत बिल्कुल अलग है, जिसका लंबा इतिहास, परंपरा और संस्कृति है।'' उन्होंने लोगों से एकजुट रहने और फूट डालने के प्रयासों को विफल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, चाहे कोई भी स्थिति उत्पन्न हो जाए, भय के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

# उप्र में बांदा रहा सबसे गर्म, ज्यादातर इलाकों में झुलसाने वाली गर्मी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में झुलसाने वाली धूप और लू का प्रकोप रहा। इस दौरान बांदा 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान हरदोई, वाराणसी, लखनऊ, बाराबंकी, बलिया, चुर्क, बहराईच, प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, फुरसत गंज, ग़ाज़ीपुर, झाँसी, हमीरपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, मुजफ्फरनगर, आगरा और अलीगढ़ में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस दौरान बांदा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां दिन का तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा सुल्तानपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस, प्रयागराज में 43.2 और झांसी व हरदोई में 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य की



राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक पूरे राज्य में ज्यादातर मंडलों में न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। इस दौरान हमीरपुर में 27.2 डिग्री सेल्सियस और मुरादाबाद में 26.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन पर विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी का शनिवार को राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम. ए. बेबी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्यसभा सांसद पी. सन्दोश कुमार ने अलग-अलग पत्रों में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान हो चुका है, वहीं तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे और आखिरी चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत की निर्वाचन आयोग के आदर्श आचार संहिता प्रभाग द्वारा जांच की जाएगी। चुनाव आचार संहिता बीते 15 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ लागू हो गई थी और चार मई तक लागू रहेगी, जिस दिन पांच विधानसभाओं के लिए वोटों की गिनती की जाएगी।

# धार्मिक परंपराओं पर रोक लगाने की सरकार की शक्ति की अदालत कर सकती है पड़ताल : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि न्यायिक समीक्षा की शक्ति पर सीमाओं के बावजूद, वह इस बात की पड़ताल कर सकता है कि क्या सरकार सामाजिक कल्याण या सुधार के नाम पर किसी धार्मिक परंपरा या रीति-रिवाज पर प्रतिबंध लगा सकती है। धार्मिक परंपराओं से जुड़े मामलों में अदालत को हस्तक्षेप करने से रोकने के लिए दी गई जोरदार दलीलों पर विचार करते हुए, प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की (उच्चतम) न्यायालय की शक्ति पर कुछ सीमाएं हैं, लेकिन यह कहना कि इस संबंध में कोई अधिकार नहीं है, ''स्वीकार



करना मुश्किल होगा।'' पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश, न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्ला, न्यायाधीश अरविंद कुमार, न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले, न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची भी शामिल हैं। ये टिप्पणियां पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता जे साई दीपक की दलीलों पर कीं, जो पंडालम शाही परिवार और ऐतिहासिक श्रीउर मठ की ओर से अदालत में पेश हुए थे। यह दलील दी गई कि यदि कोई धार्मिक परंपरा अपने पवित्र स्वरूप के कारण स्वाभाविक रूप से न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, तो सरकार द्वारा किसी कानून के माध्यम से उस परंपरा को मान्यता देने या ''संहिताबद्ध'' करने मात्र से न्यायपालिका को उसकी समीक्षा करने की शक्ति अचानक प्राप्त नहीं हो जाती। प्रधान न्यायाधीश ने उनसे कहा, ''यदि सरकार सामाजिक कल्याण के नाम पर किसी धार्मिक परंपरा पर प्रतिबंध लगाती है, तो इसकी पड़ताल कौन करेगा? हमारा मानना है कि कुछ सीमाएं हैं, लेकिन यह कहना कि न्यायिक समीक्षा की शक्ति बिल्कुल नहीं है, यह बात स्वीकार करना बहुत कठिन हो सकता है। न्यायिक समीक्षा की शक्ति पर इतना हमला करने की कोई आवश्यकता नहीं है।'' दीपक अदालत में चेतना कन्साइंस ऑफ वुमन, भगवान अय्यप्पा मंदिरों के अखिल भारतीय संगठन, साथ ही श्री पद्मनाभस्वामी और चिलकुर बालाजी मंदिरों के मुख्य पुजारियों जैसे विभिन्न अन्य हिंदू संगठनों का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो काम सीधे तौर पर नहीं किया जा सकता, वह अप्रत्यक्ष रूप से भी नहीं किया जा सकता।

# केरल के त्रिशूर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 13 लोगों की मौत, कई घायल

**त्रिशूर (केरल) :** केरल के त्रिशूर जिले के मुंडाथिकोड में मंगलवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तीन महिलाओं समेत तेरह घायल व्यक्तियों का इलाज कराया जा रहा है। त्रिशूर के सरकारी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से पांच की हालत गंभीर है और वे 70 प्रतिशत से अधिक जल चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के समय घटनास्थल पर करीब 40 लोगों के मौजूद होने की आशंका है। हादसे में कई लोग झुलस गए और इनमें से कई की हालत गंभीर है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा एक 'शेड' में हुआ जहां मंदिर देवस्वओम की ओर से त्रिशूर पूरम पर्व के लिए पटाखें तैयार किए जा रहे थे। त्रिशूर पूरम पर्व 26 अप्रैल को है। अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि 13 शव प्राप्त हुए हैं, जिनमें क्षत-विक्षत अवशेष भी शामिल हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक नियंत्रण कक्ष भी खोला गया है। टेलीविजन फुटेज में स्थानीय लोगों को राहत और बचाव कार्य में मदद करते हुए देखा गया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने बचाव और राहत कार्यों को समन्वित तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

## अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ नया विमान, विमानों की संख्या बढ़कर 38 हुई




**नयी दिल्ली:** अकासा एयर ने एक बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान की आपूर्ति प्राप्त की है। इसके साथ उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। कंपनी ने बताया कि इस साल के पहले चार महीनों में सात विमान शामिल किए जा चुके हैं। अगस्त 2022 में उड़ान शुरू करने वाली इस एयरलाइन कंपनी ने मंगलवार को कहा कि लगातार बेड़े में हो रही बढ़ोतरी से उसका नेटवर्क और मजबूत होगा। कंपनी के अनुसार, 38वें विमान की आपूर्ति उड़ान का पहला चरण अमेरिका के सिएटल से आइसलैंड के रेक्जाविक तक हुआ, जबकि अंतिम चरण मिस्र के काहिरा से भारत के बेंगलुरु तक पूरा किया गया। वीटी-वाईबीके पंजीकरण संख्या वाला यह बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान 21 अप्रैल 2026 को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। कंपनी ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले चार महीनों में उसने सात नए विमान अपने बेड़े में शामिल किए हैं।

# देश को 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए: नितिन गडकरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। 'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए



कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है और हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात किया जाता है, जिससे प्रदूषण भी बढ़ता है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के उत्पादन को बढ़ाना जरूरी है। हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन पंप के संचालन की लागत कम करना जरूरी है, ताकि यह आर्थिक रूप से व्यवहारिक बन सके। साथ ही, हाइड्रोजन के परिवहन में भी चुनौतियां हैं और इसकी लागत घटाकर करीब एक डॉलर प्रति किलोग्राम करना होगा, ताकि भारत ऊर्जा निर्यातक बन सके। गडकरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित करना जरूरी है, लेकिन लोगों को इन्हें खरीदने से जबरन नहीं रोका जा सकता।

## न्यूज अपडेट

### डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 93.48 पर

**मुंबई:** रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 32 पैसे टूटकर 93.48 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया शांति वार्ता की प्रगति को लेकर अनिश्चितताओं के बीच स्थिर अमेरिकी मुद्रा और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा में गिरावट आई। भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को रुपये में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए एक अप्रैल को जारी किए गए निर्देशों को आंशिक रूप से वापस ले लिया। आरबीआई ने गैर-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजारों में शुद्ध खुली स्थिति (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों के बीच अंतर) की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय की थी और बैंकों को 10 अप्रैल तक इसका पालन करने का आदेश दिया था। नॉन - डिलीवरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) एक नकद-निपटान वाला, अल्पकालिक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव है जिसका उपयोग उन मुद्राओं पर हेजिंग के लिए किया जाता है जो स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय नहीं हैं।

### हिंदुस्तान कॉपर की खनन विस्तार के लिए अगले पांच साल में 7,189 करोड़ रुपये के पूंजी व्यय की योजना

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एच-सीएल) ने अपनी खदानों के विस्तार के लिए अगले पांच वर्ष में 7,188.90 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 450.51 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय की योजना बना रही है। इसके बाद 2027 में 1,421.73 करोड़ रुपये, 2028 में 1,993.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही 2029 में 2,227.18 करोड़ रुपये और 2030 में 1,095.48 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला



**मुंबई:** कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही।

## मार्च से अब तक पांच लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन शुरू

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट से एलपीजी की आपूर्ति पर बने दबाव के बीच मार्च से अब तक देश में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के 5.01 लाख से अधिक नए कनेक्शनों में आपूर्ति शुरू हो चुकी है, जबकि 5.68 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। आपूर्ति गतिरोध के बीच सरकार ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की तुलना में अधिक सुविध-ाजनक विकल्प के रूप में पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए कदम तेज किए हैं। इस दौरान पीएनजी नेटवर्क के दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी में स्थानांतरित होने के लिए कहा गया है। इसके अलावा गैस पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल तक करीब 39,400 उपभोक्ताओं ने पीए-नजी आपूर्ति शुरू होने के बाद अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति फिलहाल स्थिर है और गैस वितरकों के स्तर पर किल्लत की कोई सूचना नहीं है। ऑनलाइन सिलेंडर बुकिंग दर 98 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि आपूर्ति सत्यापन कोड (डीएसी) पर आधारित आपूर्ति लगभग 92 प्रतिशत हो गई है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिर: सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। रुस्तगी ने संवाददाताओं से कहा, 'मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है। दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है।'

## कल्याण ज्वैलर्स का लखीसराय में नया शोरूम शुरू, बिहार में रिटेल विस्तार को मिली रफ्तार

**बारुईपुर** : देश की अग्रणी आभूषण कंपनियों में शामिल कल्याण ज्वैलर्स ने बिहार में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार करते हुए लखीसराय में एक नया भव्य शोरूम शुरू किया है। इस शोरूम का उद्घाटन 17 अप्रैल को किया गया। नया शोरूम ग्राहकों को विभिन्न कलेक्शंस के आकर्षक और उत्कृष्ट आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। आधुनिक सुविधाओं और विश्व-स्तरीय वातावरण से सुसज्जित यह शोरूम ग्राहकों को बेहतर और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक, रमेश कल्याणरमन ने कहा, लखीसराय में इस नए शोरूम के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक 'सर्वसमावेशी व्यवस्था' तैयार करना है, जो ग्राहकों की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करते हुए उनके खरीदारी अनुभव को और सुखद बनाए। हम विश्वास और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर कायम रहते हुए विश्व-स्तरीय सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुभारंभ के मौके पर कंपनी ने '0 प्रतिशत मेकिंग चार्ज' का विशेष ऑफर भी पेश किया है। साथ ही सीमित अवधि के लिए 'स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट' लागू रहेगा, जो सभी शोरूम में एकसमान और प्रतिस्पर्धी बताया गया है। कंपनी के अनुसार, सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क प्रमाणित हैं और ग्राहकों को '4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट' भी दिया जाएगा। शोरूम में मुहूरत, मुद्रा, निमाह, ग्लो, ज़िया, अनोखी, अपूर्वा, अंतरा, हेरा, रंग और लीला जैसे लोकप्रिय कलेक्शंस उपलब्ध हैं।

### एआई सामग्री पर लगातार दिखाना होगा चिन्ह, स्वतंत्र समाचार सामग्री को दायरे में लाने का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली:** सरकार ने कृत्रिम मेधा (एआई) से बनाई गई सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए मंगलवार को ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का सुझाव दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहचान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वालों को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का भी प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है।

## नेशनल पीआर डे कॉन्क्लेव 2026 में डिजिटल पीआर, वाइरैलिटी और प्रतिष्ठा प्रबंधन पर हुई विस्तृत चर्चा



**कोलकाता, समाज्ञा:** हेरिटेज एकेडमी द्वारा कैंडिड बाय पारोमिता के सहयोग से आयोजित नेशनल पीआर डे कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन डिजिटल पीआर इन द एज ऑफ एआई एंड वाइरैलिटी: मैनेजिंग रेप्युटेशन एंड क्राइसिस विषय पर किया गया। इस कॉन्क्लेव में मीडिया, हेल्थकेयर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, एडवरटाइजिंग, फिल्म, रेडियो और शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए और एआई आधारित डिजिटल युग में पब्लिक रिलेशंस के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की। कॉन्क्लेव में यह बात प्रमुख रूप से सामने आई कि डिजिटल मीडिया अब विकल्प नहीं बल्कि संचार का प्रमुख माध्यम बन चुका है, और पीआर प्रोफेशनल्स को तकनीक, रचनात्मकता और दर्शक समझ के साथ स्वयं को लगातार अपडेट करना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि पीआर का भविष्य तकनीक, विश्वास, रचनात्मकता और संकट प्रबंधन के संतुलन पर निर्भर करेगा। इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि यह कॉन्क्लेव एआई और डिजिटल युग में संचार के भविष्य को समझने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कैंडिड बाय पारोमिता की फाउंडर डायेरेक्टर पारोमिता घोष ने कहा कि आज पीआर केवल संदेश प्रसारण नहीं बल्कि भरोसेमंद और रणनीतिक कहानी निर्माण की प्रक्रिया है। द हेरिटेज एकेडमी की डीन डॉ. मधुपा बक्शी ने कहा कि भावी मीडिया प्रोफेशनल्स को तकनीक के साथ नैतिकता और रचनात्मकता को भी साथ लेकर चलना होगा। इस अवसर पर द हेरिटेज एकेडमी क प्रिंसिपल प्रो. गौर बनर्जी, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी सहित हेरिटेज ग्रुप के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में भारत की नजरें स्मृति और दीप्ति पर




**जोहानिसबर्ग:** भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी और इसके लिए उसे उप कप्तान स्मृति मंधाना और सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है और तीसरे मैच को जीतकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी। टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं। दोनों ही मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय पारी काफी हद तक स्मृति की तेजतर्रार शुरुआत पर निर्भर करती है और बाएं हाथ की यह बल्लेबाज पहले दो मैच के खराब प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने पहले मैच में योगदान दिया लेकिन दूसरे मैच में वे पूरी तरह से विफल रहीं।

### भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम मैत्री मैच में यूएई से 1-5 से हारी

**नयी दिल्ली:** भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को थाईलैंड के समुत प्राकान में खाली स्टेडियम में खेले गए दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में संयुक्त अरब अमीरात से 1-5 से हार गई। भारत की ओर से एकमात्र गोल दलालमुओन गंगटे ने 89वें मिनट में किया। संयुक्त अरब अमीरात ने तीसरे, छठे, 13वें, 22वें और 52वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पिछले शुक्रवार को पहला मैत्री मैच 1-0 से जीता था। ये मैत्री मैच सऊदी अरब में होने वाले 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए भारत और यूएई की तैयारियों का हिस्सा थे। भारतीय टीम एशियाई कप से पहले दो और मैत्री मैच खेलेगी। ये मैच 25 और 28 अप्रैल को दोहा में कतर के खिलाफ होंगे।

# अभिषेक के नाबाद शतक से सनराइजर्स ने कैपिटल्स को 47 रन से हराया

**हैदराबाद** : सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की नाबाद 135 रन की विस्फोटक पारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।अभिषेक ने 68 गेंदों में 10 छक्के और 10 चौकों की मदद से तूफानी शतक जड़ा और टीम को दो विकेट पर 242 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 195 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ हैदराबाद सात मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि दिल्ली को छह मैचों में तीसरी हार झेलनी पड़ी।लक्ष्य का



पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत अच्छी रही और नीतिश राणा (57) तथा लोकेश राहुल (37) ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े। लेकिन इन दोनों के आउट होते ही टीम की पारी लड़खड़ा गई। एक समय 107 रन पर एक विकेट से दिल्ली का स्कोर 107 पर चार विकेट हो गया, जिससे टीम दबाव में आ गई।हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 32 रन देकर चार विकेट झटके। उन्हें दिलशान मधुशंका और शाकिब हुसैन का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने अंतिम ओवर में तीन विकेट लेकर जीत पक्की कर दी।

इससे पहले अभिषेक ने ट्रेविस हेड (37), इशान किशन (25) और हेनरिख क्लासेन (नाबाद 37) के साथ अहम साझेदारियां कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के सामने दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह बेअसर नजर आया।

## शेफाली टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे पायदान पर, स्मृति को एक स्थान का नुकसान

**नयी दिल्ली:** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे लेकिन भारत मेजबान टीम से आठ विकेट से हार गया जिससे श्रृंखला में वह 0-2 से पिछड़ गया। भारत को इसी मैदान पर खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें शेफाली ने 34 रन का योगदान दिया था। भारत की उप कप्तान और शेफाली की सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। उन्होंने इन मुकाबलों में 13 और 12 रन बनाए। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं। उन्होंने पहले टी20 में नाबाद 47 रन बनाए थे। महिला विश्व कप की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। यह श्रृंखला दोनों टीम के लिए आगामी टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है जो जून में इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाला है।

## संघर्षरत लखनऊ के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा

**राजस्थान:** लगातार दो हार से जूझ रही राजस्थान रॉयल्स की टीम बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। इंडियन प्रीमियर लीग के इस अहम मैच में राजस्थान अपने शुरुआती शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। 2008 की चैंपियन राजस्थान ने इस सत्र की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन पिछले दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। खासकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई थी, जहां उसने शुरुआती नौ रन में पांच विकेट गंवा दिए। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीता हुआ मैच हाथ से निकल गया, जिसमें रिंकू सिंह ने मैच का रुख पलट दिया। राजस्थान की सबसे बड़ी चिंता उसकी फील्डिंग और मध्यक्रम की अस्थिरता है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन अन्य बल्लेबाज उसका फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं। दूसरी ओर, लखनऊ की स्थिति और भी खराब है। टीम लगातार तीन हार के बाद अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और आवेश खान लय में नहीं दिखे, जबकि बल्लेबाजी में कप्तान ऋषभ पंत और निकोलस पूरन का फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है, जहां राजस्थान वापसी करना चाहेगा, वहीं लखनऊ अपनी गिरती स्थिति को संभालने की कोशिश करेगा।

## जूनियर विश्व कप: 10 मीटर एयर पिस्टल में नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य




**काहिरा:** भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान के सादिकजोन अब्दुल्लाएव को 1.8 अंक से पीछे छोड़ा। चिराग ने 218.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136.7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में क्वालीफिकेशन में 629.4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में फ्रांस की एंसेलीन ब्रैकमैन ने 252.0 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन हेलेना एकाले 228.6 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। क्वालीफिकेशन में 634.0 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली शांभवी क्षीरसागर फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, जबकि अन्वी राठौड़ छठे स्थान पर रहीं। एक अन्य भारतीय निशानेबाज मान्यता सिंह 628.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहने के बावजूद फाइनल में जगह नहीं बना सकीं, क्योंकि एक देश से अधिकतम तीन निशानेबाज ही फाइनल में पहुंच सकते हैं।

### यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा टेबल टेनिस: तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सेमीफाइनल में

**देहरादून:** शीर्ष वरीय तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के अलावा असम और महाराष्ट्र ने मंगलवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कों के टीम वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और महाराष्ट्र ने क्रमश: पीएसपीबीए, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली को 3-2 के समान अंतर से हराया। तमिलनाडु की जीत में पीबी अभिनानंद ही अहम भूमिका रही जिन्होंने दो एकल मुकाबले जीते जबकि प्रियानुज भट्टाचार्य ने असम और पुनीत बिश्वास ने पश्चिम बंगाल के लिए दो-दो एकल मुकाबले जीते।

**वर्ष 11, पूर्णांक 3570 अंक 036 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in